दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



डिजिटल डेमेंशिया से ऐसे करें ........ | कई देशों में फैल रहा मंकीपॉक्स.......

वर्ष : 10 | अंक : 258 | लखनऊ, 30 अगस्त, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## कानपुर में सीएम योगी का हुआ स्वागत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



कानपुर। उत्तर प्रदेश की दस विधान सभा सीटों पर शीघ्र होने वाले उप विधान सभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 29 अगस्त को कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। योगी जब कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो जय श्री राम के उद्घोष से पूरा सभा स्थल गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुंचते ही लोग उत्साह से झूम उठे। इस कार्यक्रम में सीएम योगी न सिर्फ जनता को संबोधित किया बल्कि युवाओं को लैपटॉप, मोबाइल वितरित करने के साथ नियुक्ति पत्र भी बांटे। मुख्यमंत्री ने विक्ट्री का साइन दिखाकर कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाया। योगी सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव का रण बिगुल फूंकने आए हैं। सीसामऊ से सपा नेता इरफान सोलंकी की विधायकी जाने के बाद से यह सीट रिक्त है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने 725 करोड़ रुपये की 332 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया है। साथ ही ऐलान किया कि बडे.पैकेट के साथ कानपुर की पहचान रह चुकी लाल इमली का पुर्नरुत्थान किया जाएगा।

सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज विकास के मॉडल के लिए पूरे यूपी की तारीफ होती है लेकिन आपने 2017 से पहले सरकार को देखा है। उससे पहले प्रदेश पहचान के लिए मोहताज था। गुंडागर्दी थी। बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। प्रदेश के अंदर कोई आना नहीं चाहता था। जो नौजवान बाहर जाता था, उसकी पहचान का संकट था। इस पीड़ा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझा। साढ़े सात वर्ष में प्रदेश कोई लंबी दूरी तय कर ले। आज सुशासन का क्या मॉडल होता है, आज उत्तर प्रदेश तय करता है। सीएम योगी ने कहा अभी कार्यक्रम स्थल आ रहा था, मैने वित्त मंत्री से पूछा- आपने इस इमारत को देखा है, यह क्या है? उन्होंने जवाब दिया कि यह लाल इमली है।

## उत्तर प्रदेश के सभी विभागों को 5 सितंबर तक ई-ऑफिस लागू करने का निर्देश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की सरकार ने ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करने के लिए सभी विभागों को निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि 5 सितंबर तक ई-ऑफिस प्रणाली को हर हाल में लागू किया जाए। इस कदम का उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना है, लेकिन कई विभागों में इसकी स्थिति चिंताजनक है। मुख्यमंत्री के सचिव एसपी गोयल ने कई विभागों को पत्र भेजकर ई-ऑफिस के प्रदर्शन पर नाराजगी जाहिर की है, खासकर उन जिलों और विभागों में जहां ई-ऑफिस की प्रक्रिया बहुत धीमी रही है।

उत्तर प्रदेश सचिवालय और कुछ विशिष्ट विभागों को छोड़कर बायोमैट्रिक अटेंडेंस की प्रणाली को लागू करने में भी समस्याएँ आ रही हैं। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने जून तक बायोमैट्रिक सिस्टम लागू करने का आदेश जारी किया था, लेकिन इसके बावजूद लोक भवन, सचिवालय और कुछ अन्य विभागों में यह व्यवस्था प्रभावी नहीं हो पाई है। इसके परिणामस्वरूप लाखों कर्मचारी और हजारों अधिकारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं और उनकी उपस्थिति की निगरानी भी ठीक से नहीं हो पा रही है। वर्तमान में, उत्तर प्रदेश के 20 लाख कर्मचारियों में से केवल 50 हजार ही बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से जुड़े हैं। ई-ऑफिस की शुरूआत के बाद से, उत्तर प्रदेश के 15 मंडलों ने इसे प्रारम्भ कर दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस पैरालंपिक के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दी



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले भारत के दल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर खिलाड़ी का साहस और दृढ़ संकल्प पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 140 करोड़ भारतीय पेरिस पैरालंपिक 2024 में हमारे दल को शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने हैशटैग चीयर4भारत का इस्तेमाल करते हुए कहा, हर खिलाड़ी का साहस और दृढ़ संकल्प पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हर कोई उनकी सफलता के लिए उत्साहित है। पेरिस में बुधवार को पैरालंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह है। शारीरिक, दृष्टि और बौद्धिक विकलांगता वाले 4,000 से अधिक खिलाड़ी अगले 11 दिन में 22 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## अमित शाह ने पेरिस पैरालम्पिक में भारतीय दल को शुभकामना दी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय खेलमंत्री अमित शाह ने पेरिस पैरालम्पिक में गए भारतीय दल को शुभकामनायें देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि खिलाड़ी भारत की असली ताकत की बानगी देंगे। शाह ने एक्स पर लिखा , हमारी पैरालम्पिक टीम को शुभकामनायें। हमारा दल पेरिस पैरालम्पिक 2024 में भारत का परचम लहराने गया है , मैं उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनायें देता हूं। उन्होंने कहा , तिरंगे की शान को बनाए रखने के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का दृढ़ संकल्प, रास्ते में आने वाली हर चुनौती को पार करना, नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। मुझे पूरा विश्वास है कि वे भारत की असली ताकत साबित करेंगे। पूरा देश उनका उत्साहवर्धन करता है। भारत ने पेरिस पैरालम्पिक में अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा है जिसमें 84 खिलाड़ी शामिल है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,332.72 |
| निफटी | 24,834.85 |

## महिलाओं के साथ अपराध के खिलाफ दलगत राजनीति से ऊपर उठें : मायावती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे महिलाओं के साथ अपराध के खिलाफ दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कड़े कदम उठाएं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है, देश में कभी बंगाल, कभी महाराष्ट्र के बदलापुर, कभी बिहार तो कभी उत्तर प्रदेश के कन्नौज, आगरा एवं फरुर्खाबाद जिले में मासूम नाबालिग बच्चियों और महिलाओं के साथ खासकर दुष्कर्म, हत्या और आत्महत्या जैसी हो रही घटनाएं अति दुःखद एवं चिंताजनक हैं। उन्होंने आगे लिखा है, केंद्र व सभी राज्य सरकारें इस मामले में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाएं ताकि ऐसी घटनाएं बंद हों, ना कि इसकी आड़ में राजनीति की जाए। यही समय की मांग है तथा यही महिलाओं के हित में भी है।

## जोधपुर में तरंग शक्ति-2024 : 31 देशों की वायुसेनाएं दिखाएंगी अपना पराक्रम

### तेजस उड़ाएंगे अमेरिकी चीफ, ग्रीस ने अभी से अपना पहला लड़ाकू विमान उतारा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, ग्रीस की हेलेनिक वायु सेना ने शुक्रवार से शुरू होने वाले बहुपक्षीय वायु अभ्यास तरंग शक्ति चरण 2 से पहले भारतीय धरती पर अपने पहले लड़ाकू जेट के उतरने के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। अन्य देशों के साथ ग्रीस के बढ़ते रक्षा सहयोग के प्रतीक के रूप में, इसके हेलेनिक सशस्त्र बल दुनिया भर में सैन्य अभ्यासों की एक श्रृंखला में शामिल हैं, देश की वायु सेना 30 अगस्त से 14 सितंबर तक राजस्थान के जोधपुर में भारत की मेजबानी में आयोजित दूसरे चरण के तरंग शक्ति अभ्यास में भाग ले रही है। यह भागीदारी अप्रैल 2023 में ग्रीस और भारत के बीच सैन्य सहयोग पर एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद हुई, जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध मजबूत हुए। अभ्यास के दौरान, ग्रीक हेलेनिक बल तमिलनाडु के सुलूर में पहुंचने वाले 336 स्क्वाड्रन से चार एफ -16 जेट का प्रदर्शन करेगा, जो तकनीशियनों और उपकरणों को ले जाने वाले दो सी -130 वाहक द्वारा समर्थित होंगे। तरंग शक्ति चरण 2 अभ्यास में हवाई युद्ध, रक्षात्मक और आक्रामक युद्धाभ्यास, जमीन और सतह के लक्ष्यों पर हमला करना और अंतरराष्ट्रीय बलों के साथ समन्वय सहित कई प्रकार के ऑपरेशन शामिल होंगे। भारत और ग्रीस के बीच यह सहयोग हेलेनिक सशस्त्र बलों के लिए सैन्य गतिविधियों के व्यापक पैटर्न का हिस्सा है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका में विशिष्ट कमांडो की तैनाती और एजियन और पूर्वी भूमध्य सागर में बड़े पैमाने पर अभ्यास भी शामिल है।

इसे 2023 में ग्रीस द्वारा आयोजित बहुराष्ट्रीय इनियोचोस अभ्यास में भाग लेने के लिए अपने र४-30टङलड़ाकू जेट भेजने वाले ग्रीक हेलेनिक सशस्त्र बलों द्वारा भारत के लिए एक पारस्परिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। भारत और ग्रीस का गहराता सैन्य सहयोग उनकी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा देने में दोनों देशों के रणनीतिक हितों को दर्शाता है। तरंग शक्ति चरण 2 में भाग लेने वाले अन्य देश ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात होंगे।

### संक्षिप्त समाचार

## उत्तराखंड में इस वर्ष चारधाम यात्रा में अब तक 183 लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तराखंड में इस साल मई में चारधाम यात्रा की शुरूआत से लेकर अब तक कुल 183 श्रद्धालुओं की मौत हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, इन 183 मौतों में से 177 लोगों की मृत्यु स्वास्थ्य कारणों से हुई जबकि छह अन्य की मौत प्राकृतिक आपदा में हुई। चारधाम यात्रा इस साल 10 मई को केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ शुरू हुई थी। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खोले गए थे। चारों हिमालयी धामों में अब तक 33 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए आ चुके हैं जबकि चारधाम यात्रा का समापन होने में अभी तीन माह से अधिक का समय शेष है। हालांकि भारी बारिश के कारण मार्ग के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण 31 जुलाई से केदारनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में खासी गिरावट आयी।

## बिजनौर में आदमखोर तेंदुआ पकड़ा गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बिजनौर , उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में पिछले तीन महीनों में तीन लोगों को शिकार बनाने वाले तेंदुए को बुधवार को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। वन रेंजर दुष्यंत कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह चांदपुर के कुलचाना गांव में तेंदुआ पिंजरे में फंसा हुआ मिला। कुमार ने बताया, पिछले कुछ महीनों में इस इलाके में तेंदुए द्वारा इंसानों को शिकार बनाने की तीन घटनाएं हो चुकी हैं।

## मैंने छात्रों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला : ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि उनके कल के भाषण को लेकर उनके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार अभियान चलाया गया। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने मेडिकल छात्रों या कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के खिलाफ उनके आंदोलन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला। उन्होंने एक्स पर एक लंबी पोस्ट में कहा, ₹मुझे कुछ प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में एक दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार अभियान का पता चला है, जो कल हमारे छात्रों के कार्यक्रम में मेरे द्वारा दिए गए भाषण के संदर्भ में फैलाया गया है।₹

ममता बनर्जी ने कहा कि मैं दृढ़तापूर्वक स्पष्ट कर दूं कि मैंने (मेडिकल आदि) छात्रों या उनके आंदोलनों के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है। मैं उनके आंदोलन का पूरा समर्थन करती हूं। उनका आंदोलन सच्चा है। मैंने उन्हें कभी धमकी नहीं दी, जैसा कि कुछ लोग मुझ पर आरोप लगा रहे हैं। यह आरोप पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने भाषण में भाजपा के खिलाफ बात की क्योंकि वे पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने बीजेपी के खिलाफ बोला है। मैंने उनके खिलाफ इसलिए बोला है क्योंकि भारत सरकार के समर्थन से वे हमारे राज्य में लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे हैं और अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि केंद्र के समर्थन से, वे अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं और मैंने उनके खिलाफ आवाज उठाई है। अपने भाषण के दौरान बनर्जी ने कहा कि वह पूरे प्रकरण के दौरान बहुत धैर्यवान रहीं। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से काम पर लौटने का आग्रह किया। बीजेपी ने दावा किया कि उन्होंने डॉक्टरों को धमकी दी थी।

ममता ने कहा कि मैं यह भी स्पष्ट करता हूं कि जिस वाक्यांश (₹फोंश कारा₹) का मैंने कल अपने भाषण में उपयोग किया था, वह श्री रामकृष्ण परमहंस देव का एक उद्धरण है। महान संत ने कहा था कि कभी-कभी आवाज उठाने की जरूरत होती है। जब अपराध और आपराधिक घटनाएं होती हैं तो विरोध की आवाज उठानी ही पड़ती है। उस बिंदु पर मेरा भाषण महान रामकृष्णवादी कथन की ओर सीधा संकेत था। बुधवार को बीजेपी के 12 घंटे लंबे 'बंगाल बंद' आह्वान के जवाब में, ममता बनर्जी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता डॉक्टर बलात्कार और हत्या पर बंगाल में आग भड़काने के लिए अपनी पार्टी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## जिस विद्यालय में लड़कियों का यौन शोषण हुआ, उससे जवाब मांगा गया: तमिलनाडु सरकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तमिलनाडु सरकार ने मद्रास उच्च न्यायालय में कहा कि कृष्णागिरी जिले के उस स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जहां एक फर्जी एनसीसी शिविर के दौरान 12 लड़कियों का कथित रूप से यौन शोषण किया गया था। बताया जाता है कि यह शिविर असामाजिक तत्वों द्वारा लगाया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डी कृष्णकुमार और न्यायमूर्ति पी बी बालाजी की प्रथम पीठ के सामने जब वकील ए पी सूर्यप्रकाशम की जनहित याचिका सुनवाई के लिए आयी तब महाधिवक्ता पी एस रमण ने यह जानकारी दी। रमण ने कहा कि स्कूल प्रबंधन को बृहस्पतिवार तक अपना जवाब देना है। उन्होंने कहा कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं रहा तब विद्यालय को नियंत्रण में लेने के लिए स्कूल शिक्षा निदेशक को विशेष अधिकारी नियुक्त करने का प्रस्ताव है। पीठ ने महाधिवक्ता से जांच रिपोर्ट तथा मुख्य आरोपी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पेश करने को कहा, जिसने घटना के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। उच्च न्यायालय ने मुख्य आरोपी के पिता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी मांगी, जिनकी भी मृत्यु हो चुकी है।

## प्रियंका गांधी ने यूपी की सोशल मीडिया नीति को बताया सच को दबाने का तरीका

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश सरकार की हाल ही में जारी की गई सोशल मीडिया नीति पर तीखा हमला किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि यह नीति सच को दबाने का एक तरीका है। उनके अनुसार, यदि कोई बात सरकार की पसंद के खिलाफ हो, तो उसे दबाया जा सकता है। प्रियंका गांधी ने सवाल उठाया कि इस नीति के तहत न्याय की मांग कर रही महिलाओं की आवाजें, शिक्षकों की भर्ती में उठ रहे सवाल, और भाजपा नेताओं द्वारा भाजपा सरकार की आलोचना को किस श्रेणी में रखा जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह नीति सच्चाई को दबाने का एक और तरीका है और भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कुचलने की सोच रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश डिजिटल मीडिया नीति-2024 जारी की है, जिसे कैबिनेट ने हाल ही में मंजूरी दी थी। इस नीति के तहत विज्ञापन देने के लिए डिजिटल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, कंटेंट राइटर, या संबंधित एजेंसी या फर्म का कम से कम दो वर्षों से अस्तित्व में होना अनिवार्य है। इससे सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा।

नीति के अनुसार, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सब्सक्राइबर या फॉलोअर्स की संख्या के आधार पर चार श्रेणियां तय की गई हैं। यदि कोई कंटेंट राष्ट्र विरोधी, समाज विरोधी, या अभद्र पाया जाता है, या गलत तथ्यों पर आधारित होता है, तो सूचना निदेशक की स्वीकृति से भुगतान रोकने का प्रावधान है। हालांकि, आपत्तिजनक पोस्ट के संबंध में आपराधिक कार्रवाई का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे मामलों में विधिक कार्यवाही के लिए निदेशक सूचना को अधिकृत किया गया है।

## महिला सुरक्षा को लेकर कांग्रेस ने केंद्र को घेरा

### मल्लिकार्जुन खड़गे बोले- संरक्षण नहीं, भयमुक्त वातावरण चाहिए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में कमी के लिए मोदी सरकार की आलोचना की और कहा कि 'बेटी बचाओ' के बजाय, हमें अपनी बेटियों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने की जरूरत है। खड़गे ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए सवाल किया कि क्या जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिशें और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के प्रावधानों को पूरी तरह से लागू किया गया है या नहीं।

खड़गे ने एक्स पर लिखा कि हमारी महिलाओं के साथ हुआ कोई भी अन्याय असहनीय है, पीड़ादायक है और घोर निंदनीय है। हमें बेटी बचाओ नहीं बेटी को बराबरी का हक सुनिश्चित करो चाहिए। उन्होंने लिखा कि महिलाओं को संरक्षण नहीं, भयमुक्त वातावरण चाहिए। देश में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 43 अपराध रिकॉर्ड होते हैं। हर दिन 22 अपराध ऐसे हैं जो हमारे देश के सबसे कमजोर दलित-आदिवासी वर्ग की महिलाओं व बच्चों के खिलाफ दर्ज होते हैं। अनगिनत ऐसे अपराध है जो दर्ज ही नहीं होते - डर से, भय से, सामाजिक कारणों के चलते।

कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी लाल कि ले के भाषणों में कई बार महिला सुरक्षा पर बात कर चुके हैं, पर उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में ऐसा कुछ ठोस नहीं किया जिससे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कुछ रोकथाम हो। उल्टा, उनकी पार्टी ने कई बार पीड़िता का चरित्र हनन भी किया है, जो शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि हर दीवार पर बेटी बचाओ पेंट करवा देने से क्या सामाजिक बदलाव आएगा या सरकारें व कानून व्यवस्था सक्षम बनेगी?

उन्होंने सवाल किया कि क्या हम निवारक कदम उठा पा रहे हैं? क्या हमारा आपराधिक न्याय प्रणाली सुधरा है? क्या समाज के शोषित व वंचित अब एक सुरक्षित वातावरण में रह पा रहे हैं? उन्होंने पूछा कि क्या सरकार और प्रशासन ने वारदात को छिपाने का काम नहीं किया है? क्या पुलिस ने पीड़िताओं का अंतिम संस्कार जबरन करना बंद कर दिया है, ताकि सच्चाई बाहर न आ पाएँ? हमें ये सोचना है कि जब 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ वारदात हुई तो जस्टिस वर्मा कमेटी की सिफारिशें लागू हुई थी, आज क्या उन सिफारिशों को हम पूर्णतः लागू कर पा रहे हैं?

उन्होंने कहा कि क्या 2013 में पारित कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के प्रावधानों का ठीक ढंग से पालन हो रहा है, जिससे कार्यस्थल पर हमारी महिलाओं के लिए भयमुक्त वातावरण तैयार हो सके? संविधान ने महिलाओं को बराबरी का स्थान दिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध एक गंभीर मुद्दा है। इन अपराधों को रोकना देश के लिए एक बड़ी चुनौती है। हम सबको एकजुट होकर, समाज के हर तबके को साथ लेकर इसके उपाय तलाशने होंगे।

लिंग संवेदीकरण पाठ्यक्रम हो या लिंग बजटिंग, महिला कॉल सेंटर हो या हमारे शहरों में स्ट्रीट लाइट और महिला शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा, या फिर हमारे पुलिस सुधार हो या न्यायिक सुधार – अब वक्त आ गया है कि हम हर वो कदम उठाए जिससे महिलाओं के लिए भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित हो सके।

## पुरानी रंजिश में दबंगो ने पूरे परिवार को पीटा, पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। पदमिनखेड़ा गांव निवासी दिलीप कुमार ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया पुरानी रंजिश को लेकर गुरूवार की सुबह पड़ोसी कल्लू ने अपनी पत्नी व बेटो राहुल,मयंक,रोहित के साथ धारदार हथियार फरसा व लोहे की राड व डंडो से लैस होकर उसके घर में घुसकर उसकी व पत्नी कृष्णावती समेत बेटे सूरज व बहू व दूसरे बेटे रौनक की जमकर पिटाई कर घायल कर दिया।आरोपियो ने बेटे की बुरी तरह पिटाई कर उसका हाथ तोड़ दिया ओर उसके सिर में फरसे से वार कर घायल कर दिया।चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले।जिसके बाद घायलो को एम्बुलेंस से परिजन सीएचसी लेकर गये।जहां मौजूद डाक्टर ने दिलीप व उसके बेटे की हालत गम्भीर देख सिविल अस्पताल रेफर कर दिया? इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपियो पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# आतंक का उत्तर प्रदेश में गहराता जाल

## सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट; देवबंद-अलीगढ़ से कनेक्शन भी आ चुका है सामने

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बांग्लादेशी व रोहिंग्या की घुसपैठ के साथ ही आतंकी संगठन आइएस का उत्तर प्रदेश में गहराता जाल आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। आइएस का पुणे माड्यूल पूरे देश में अपना नेटवर्क बढ़ा रहा है। पुणे माड्यूल से जुड़े आतंकियों ने ही देवबंद (सहारनपुर) के बाद अलीगढ़ को अपना नया ठिकाना बनाया है।

अलीगढ़ के रास्ते आतंक की जड़ें अन्य बड़े शहरों तक फैलाई जा रही हैं। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) इस नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए कई संदिग्धों की तलाश भी कर रहा है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा नौ अगस्त को आइएस आतंकी रिजवान अब्दुल की गिरफ्तारी के बाद नए सिरे से छानबीन तेज की गई है।

एटीएस रिजवान को वारंट-बी पर उत्तर प्रदेश लाकर पूछताछ करने की तैयारी में भी है। जांच में यह भी सामने आया था कि गुवाहटी में पकड़े गए आइएस के भारत प्रमुख हरीश फारुकी उर्फ हरीश अजमल फारुकी के इशारे पर ही अलीगढ़ माड्यूल तैयार किया गया था। जिसका मकसद दूसरे राज्यों में भी आतंकी घटनाएं कराने का था। इस माड्यूल से जुड़े संदिग्धों की छानबीन लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, संभल, रामपुर, कौशांबी, सहारनपुर व अन्य जिलों में चल रही है। एटीएस आइएस आतंकियों के प्रदेश में सक्रिय अन्य संगठनों से संपर्क को लेकर भी पड़ताल कर रहा है।

दिल्ली पुलिस ने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व आइएस के सक्रिय आतंकी शहनवाज को उसके साथियों के साथ पकड़ा था, जिसके बाद ही आइएस का अलीगढ़ माड्यूल सामने आया। खुफिया इनपुट पर एटीएस ने इसकी छानबीन शुरू की थी और नवंबर 2023 में आतंकी अब्दुल्ला अर्सलान व माज बिन तारिक की गिरफ्तारी के बाद चौंकाने वाले तथ्य सामने आए थे।

एटीएस ने अलीगढ़ माड्यूल के सक्रिय सदस्य वजीहुद्दीन को छत्तीसगढ़ के भिलाई से गिरफ्तार किया था। एटीएस के लखनऊ स्थित थाने में तीन नवंबर, 2023 को आइएस के आतंकियों के विरुद्ध दर्ज किए गए मुकदमे में उसकी तलाश की जा रही थी।

वजीहुद्दीन ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) से पीएचडी की थी। वह एएमयू के छात्र संगठन एसएएमयू (स्टूडेंट्स आफ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी) की आड़ में नए युवकों को आइएस के नेटवर्क से जोड़ रहा था। मूलरूप से छत्तीसगढ़ का निवासी वजीहुद्दीन अलीगढ़ के फिरदौसनगर में रहता था और जिहाद की राह पर कदम बढ़ाने वाले युवकों का अमीर (प्रमुख) था।

कोविड काल के दौरान वजीहुद्दीन ने ही अब्दुल्ला अर्सलान के साथ मिलकर एएमयू के छात्र संगठन एसएएमयू का गठन किया था और इससे आनलाइन लगभग दो हजार युवकों को जोड़ा गया था। वजीहुद्दीन के टेलीग्राम चैनल से कई सक्रिय आतंकी व एएमयू के चुने हुए छात्र भी जुड़े थे।

सूत्रों के अनुसार, एसएएमयू से जुड़े एएमयू के छात्रों, पूर्व छात्रों व अन्य युवकों में खासकर ऐसे चेहरों को चुना जाता था, जो जिहाद से अधिक प्रभावित होते थे। ऐसे कई संदिग्धों की निगरानी भी की जा रही है। जांच में सामने आया था कि वजीहुद्दीन ने ही आतंकी माज बिन तारिक, अब्दुल्ला अर्सलान, अब्दुल समद, फैजान बख्तियार, नावेद सिद्दीकी व अरशद वारसी को आइएस की शपथ दिलाई थी और जिहाद के लिए तैयार किया था। इनके देवबंद (सहारनपुर) कनेक्शन भी सामने आए थे।

## आत्महत्या के लिये उकसाने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी – फोटो

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आत्महत्या करने का लिये युवक को उकसाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्त में लेकर भेजा सलाखों के पीछे। माल थाना क्षेत्र के ग्राम पतौना निवासी अनूप कुमार को उसी गांव निवासी रामशंकर आये दिन किसी बात को लेकर प्रताड़ित करता रहता था। बीते 15 अगस्त को अनूप कुमार का शव जेहटा के पास बेता नाले के किनारे आम के बाग में लटका मिला था। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतक अनूप कुमार के पिता ने जगतपाल ने थाने पर आत्महत्या करने के लिये उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामशंकर को पतौना मोड़ से गिरफ्तार कर जुर्म धारा अवगत कराकर जेल भेज दिया है. रमाशंकर के विरुद्ध इससे पूर्व भी इसी थाने पर कई मुकदमे दर्ज है।

## हिंदू जागरण मंच ने देवस्थान की भूमि पर बनी मजार को हटाने की मांग की

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बृहस्पतिवार को हिंदू जागरण मंच संगठन द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंप देवस्थान की भूमि पर मजार बनाने का विरोध करते हुए उसको हटाने की मांग की। हिंदू जागरण मंच जिला सह संयोजक संतोष सिंह के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारीओ ने मलिहाबाद एसडीएम सौरभ सिंह को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि रहीमाबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत ससपन मजरा अटेर गांव के पास गाटा संख्या 3959 है जो अभिलेखों में देवस्थान के नाम से दर्ज है। संगठन का आरोप है कि देवस्थान की इस भूमि पर चोरी छिपे अवैध तरीके से अटेर गांव के ही जाकिर अली, अब्दुल हमीद, अब्दुल रहमान ने कब्जा करने की नियत से उसी भूमि पर मजार बना दी है जो गलत है। और कुछ शरारती तत्वों की वजह से यह कार्य किया गया है जिसके कारण पूरे हिंदू समाज में इसको लेकर आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने एसडीएम से इनके खिलाफ कार्रवाई कर देवस्थान की भूमि को जल्द कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

## यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के अंतिम दो दिन

### सघन चेकिंग पर जोर; अब तक 34 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा में अंतिम दो दिन पुलिस और सतर्कता बरतेगी। 23, 24 व 25 अगस्त को नकलविहीन लिखित परीक्षा कराने के बाद अब पुलिस के सामने 30 व 31 अगस्त को अंतिम दो दिनों की परीक्षा सकुशल संपन्न कराने की बड़ी चुनौती है।

पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने सभी परीक्षा केंद्रों पर तैनात किए गए पर्यवेक्षकों को पहले ही तरह संदिग्ध अभ्यर्थियों पर कड़ी नजर रखे जाने व सघन तलाशी के उपरांत ही किसी को प्रवेश दिए जाने का कड़ा निर्देश दिया है। उन्होंने अभ्यर्थियों से पेपर लीक होने का दावा कर ठगी का प्रयास करने वाले गिरोह से सावधान रहने की अपील भी की है। परीक्षा केंद्रों के आसपास गुरुवार देर शाम से ही चेकिंग बढ़ी दी गई है। अंतिम दो दिनों में 19.20 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी है। सिपाही भर्ती परीक्षा 18 व 19 फरवरी को हुई थी, जिसका पेपर लीक हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। भर्ती बोर्ड ने सुरक्षा कारणों से दोबारा परीक्षा पांच दिनों में दस पालियां में कराने का निर्णय किया था। इनमें तीन दिन परीक्षा हो चुकी है, जिसमें लगभग 32 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब तक 12 साल्वर समेत 34 आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें उप्र पुलिस का आरक्षी भगवान सिंह भी शामिल है, एक अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया था। भर्ती बोर्ड 30 व 31 अगस्त को दो-दो पालियों में लिखित परीक्षा कराएगा, जिसके लिए 67 जिलों में स्थित सभी 1,174 परीक्षा केंद्रों में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इस बार लिखित परीक्षा कराने के लिए केवल सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों को ही केंद्र बनाया गया है। सभी केंद्रों में चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर कड़ी निगरानी कराई जा रही है। एसटीएफ च अन्य एजेंसियां संदिग्धों व पूर्व में पकड़े गए साल्वर गिरोह के सक्रिय सदस्यों पर कड़ी नजर रख रही हैं।

## किशोरी से दुराचार के अभियुक्त को दस साल के कठोर कारावास की सजा

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। एक गांव मे रहने वाली किशोरी से नौ साल पहले एक युवक ने दुष्कर्म किया था।पुलिस ने पीड़ित परिजनो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी गुड्डू पासी निवासी गरीबखेड़ा थाना निगोहां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।अभियुक्त गुड्डू को सजा दिलाने के लिये आपरेशन कन्विक्शन के तहत लखनऊ पुलिस व अभियोजन विभाग संयुक्त रूप से प्रयासरत था, अभियोजन व पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट-तृतीय ने अभियुक्त गुड्डू को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 25हजार रुपए अर्थदंड से भी दंडित किया।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया अभियुक्त गुड्डू को न्यायालय से सख्त सजा दिलाने के लिये थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी व कोर्ट मोहर्रिर सुरेश चन्द्र दिवाकर, थाने के पैरोकार अनूप मौर्य बराबर पैरवी कर रहे थे, उक्त सभी की न्यायालय में मजबूत पैरवी से ही अभियुक्त गुड्डू को दस साल के कठोर कारावास की सजा समेत 25हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया हैं।अर्थदंड ना जमा करने पर छः माह के अतिरिक्त कारावास से दंडित किया जायेगा।

## अंडा दुकानदार ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।प्रतापगढ जनपद के पूरे दलपत शाह निवासी प्रवीण शर्मा ने बताया मोहनलालगंज के फुलवरिया गांव में बने मुर्गी फार्म में वो अपने भतीजे शिवम शर्मा(21वर्ष) के साथ रहते थे, भतीजा पीजीआई क्षेत्र में अंडे की होलसेल दुकान लगाता था, बीते बुद्ववार को वो अपनी बहन के घर चले गये इस दौरान फार्म बने कमरे में भतीजा शिवम अकेले था ओर देर रात कमरा अंदर से बंदकर छत में लगी लोहे की पाइप में रस्सी के फंदे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी, गुरूवार की सुबह साढे दस बजे के करीब वो अपनी बहन के घर से वापस लौटकर कमरे में आये तो काफी आवाज देने के बाद भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया ना आने पर, खिड़की से अंदर झांक कर देखा तो उसका शव लोहे की पाइप में रस्सी के फंदे के सहारे लटक रहा था।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर मृतक शिवम के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।मृतक के परिवार में माता-पिता व एक भाई व बहन है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया प्रथम द्दष्टया जांच में आत्महत्या के कारणो का पता नही चल सका है, मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा गया है।मृतक का मोबाइल पुलिस ने जांच के लिये कब्जे में लिया है।

## यूपी में बुरे फंसे कई बिजली चोर, कटिया लगाकर कर रहे थे चोरी

### विजिलेंस की छापेमारी में खुल गई पोल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।बिजली चोरी करने की आदत बिजली चोरी नहीं छोड़ पा रहे हैं। गुरुवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की अपर पुलिस अधीक्षक अंकिता सिंह ने लखनऊ सहित सीतापुर, अमेठी, बाराबंकी, बरेली में बिजली चोरों पर नकेल लगाने के लिए छापे डलवाए।

छापों के दौरान पचास किलोवाट की बिजली चोरी पायी गई। पारा में उपभोक्ता सागर यादव व बीकेटी में सीमा मिश्रा के परिसर में पांच-पांच किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। यह दोनों उपभोक्ता कटिया लगाकर बिजली चोरी कर रहे थे।

### 13 किलोवाट बिजली चोरी

अपर पुलिए अधीक्षक अंकिता ने बताया कि दो परिसरों में 13 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी गई।इनमें पीतपुर निवासी मनोज त्रिपाठी के यहां पांच किलोवाट, सरोज कुमार अवस्थी के परिसर में आठ किलोवाट की चोरी पायी गई।दोनों घरों में अतिरिक्त केबल खींचकर चोरी की जा रही थी।अमेठी जिले में 17 किलोवाट चोरी पायी गई। थाना मुंशीगंज के कोरवा में उपभोक्ता रमेश सिंह के यहां मीटर संख्या 3367286 अंकित था लेकिन मीटर नहीं था। यहां सात किलोवाट चोरी पायी गई।थाना अमेठी के ग्राम नैगिरवा में उपभोक्ता महेंद्र सिंह के परिसर में दस किलोवाट की बिजली चोरी मिली।दोनों यहां भी कटिया लगाए थे। बाराबंकी में देवा थाने के अंतर्गत संजय वर्मा के परिसर में मीटर बाईपास करते हुए बिजली चोरी पकड़ी गई। यहां विजिलेंस ने जांच में पांच किलोवाट की चोरी पायी।इसी तरह बरेली प्रथम में जखीरा घेर मिट्ठू खां कुबड़ी पाकड थाना के उपभोक्ता नईम खान के परिसर में पांच किलोवाट की बिजली चोरी मिली। खान कटिया लगाकर चोरी कर रहे थे।विजिलेंस ने सभी बिजली चोरों के कनेक्शन काटकर धारा 135 के अंतर्गत चोरी की धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

## स्मार्ट मीटरों ने किया उपभोक्ताओं की नाक में दम

### बिलिंग सर्वर से नहीं जोड़े; काटने पड़ रहे बिजली विभाग के चक्कर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिजली उपभोक्ताओं के घरों पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को अभी तक बिलिंग सर्वर से जोड़ा ही नहीं गया है।इसके चलते उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस संदर्भ में विद्युत नियामक आयोग में जनहित प्रत्यावेदन दाखिल किया है। आयोग ने परिषद को भरोसा दिया है कि जल्द ही इस मामले का हल निकाला जाएगा। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि लखनऊ, इलाहाबाद, मथुरा, बरेली, अलीगढ, आगरा, मेरठ, नोएडा व गाजियाबाद सहित अन्य जिलों में पुरानी तकनीकी के लगभग 12 लाख 2जी व 3जी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। लगभग 45,000 मीटर लगाए जा चुके हैं। इन्हें प्री-पेड मोड की बजाय पोस्ट पेड मोड में ही उपभोक्ताओं के यहां लगा दिया गया है। इसके चलते बिजली का बिल जमा न होने पर बिजली काट तो दी जाती है, लेकिन जब उपभोक्ता बिल जमा कर देता है तो बिजली की आपूर्ति चालू करने के लिए उसे बिजली विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं, जबकि बिल जमा होने पर तत्काल आपूर्ति शुरू हो जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि गुरुवार को उपभोक्ता परिषद की तरफ से नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक जनहित प्रत्यावेदन दाखिल किया गया है। यह मीटर तेज वर्षा के दौरान बिजली चमकने पर कई बार अपने आप बंद हो जाता है। इसकी जांच भी करवाई गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## विधानसभा उपचुनाव से पहले छुट्टा पशुओं को पकड़ने की तैयारी

### 20 जिलों में चलेगा विशेष अभियान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।तमाम दावों के बावजूद सड़कों, खेतों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खुले घूम रहे निराश्रित गोवंशों प्रदेश सरकार की बड़ी चुनौती बने हुए हैं। विधानसभा उपचुनाव में यह छुट्टा पशु बड़ा मुद्दा बनें, इससे पूर्व ही पशुधन विभाग इन्हें गोवंश संरक्षण केंद्रों में पहुंचाने की कोशिश में जुटा गया है। इस कड़ी में एक से सात सितंबर तक 20 जिलों में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें कानपुर, आंबेडकरनगर, मैनपुरी, अयोध्या, मुरादाबाद, प्रयागराज, गाजियाबाद, मीरजापुर, अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर भी शामिल होंगे। यह वह जिले हैं, जहां विधानसभा उपचुनाव होना है।हालांकि, अधिकृत रूप से चयनित जिलों की सूची अभी जारी नहीं की गई है।



### निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान चलाने का निर्देश

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को विधानभवन में विभागीय समीक्षा बैठक में निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान चलाने को लेकर निर्देश दिए। कहा, सघन अभियान चलाकर चरणबद्ध तरीके से जिलों को छुट्टा गोवंश मुक्त घोषित किया जाए। उन्होंने अभियान को लेकर जिलों के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और मंडलीय अपर निदेशक की जवाबदेही तय की। बैठक में सिंह ने नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत 621 समितियों के संचालन का कार्य 15 सितंबर तक पूर्ण करने की बात भी कही। सिंह ने पीसीडीएफ के सभी डेयरी प्लांट के पुनरोद्धार और पूर्वांचल क्षेत्र में डेयरी विकास को बढ़ावा देने के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थल तक पहुंचाने, गोवंश के भरण पोषण की बेहतर व्यवस्था, ईयर टैगिंग कार्य, पशुधन बीमा और हरा चारा बुवाई के संबंध में जरूरी कदम उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि पशुओं में ईयर टैगिंग का कार्य गंभीरता से पूर्ण किया जाए। पशुधन की रोगों से सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन कार्य निरंतर किया जाए।

बैठक में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रवीन्द्र नायक, विशेष सचिव देवेंद्र पांडेय, पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक आनंद कुमार, दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्र, पशुपालन विभाग के निदेशक डा. पीएन सिंह, अपर निदेशक डा जयकेश कुमार पांडेय, एलडीबी के डा. नीरज गुप्ता, पीसीडीएफ की नयनतारा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्र की योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही योगी सरकार

### प्रधानमंत्री जनधन खाता खोलने में उत्तर प्रदेश नंबर वन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना ने बुधवार को दस वर्ष पूर्ण कर लिए। पूरे देश में इन दस वर्षों में अब तक 53 करोड़ से ज्यादा प्रधानमंत्री जनधन खाते खुलवाए गए हैं। वहीं उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री जनधन खाते खोलने वाले राज्यों में शीर्ष पर है।प्रदेश में 9.46 करोड़ से ज्यादा पीएम जनधन अकाउंट खोले गए हैं, जो देश भर में खोले गए कुल अकाउंट का 18 फीसदी है।

सबसे सुखद बात यह है कि इसमें भी लगभग 5 करोड़ पीएम जनधन खाताधारक महिलाएं हैं। वहीं, पीएम जनधन अकाउंट के माध्यम से रूपे कार्ड वितरित करने में भी उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है।उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार केंद्र की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर रही है, जिसके चलते विभिन्न योजनाओं को लागू करने में यूपी नंबर वन पर है।प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना इसी की बानगी है।

उत्तर प्रदेश में विगत दस वर्षों में गरीबों के जनधन खाते खोलने को प्राथमिकता दी गई है, जिसका परिणाम है कि 21 अगस्त तक प्रदेश में कुल 9,46,62,464 लाभार्थियों के जनधन खाते खोले जा चुके हैं। खाता खुलवाने वालों में सर्वाधिक संख्या ग्रामीण और सेमी अर्बन क्षेत्रों की है, जहां 6,81,66,123 लोगों का खाता खोला गया है। इसी तरह शहरी और मेट्रो बैंक ब्रांच के माध्यम से 2,64,96,341 खाते खोलने में सफलता मिली है। प्रदेश में सभी खोले गए जनधन खातों में 21 अगस्त तक कुल मिलाकर 48,525.75 करोड़ रुपए की धनराशि जमा है जो कुल धनराशि का 21 प्रतिशत से ज्यादा है।

## प्रापर्टी कारोबारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज।प्रापर्टी कारोबार में पार्टनर के धोखा देने के बाद लाखो की रकम डूबने के बाद डिप्रेशन में आये प्रापर्टी कारोबारी ने गुरूवार की सुबह मोहनलालगंज के बैरीसालपुर में किराये के मकान के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली?। पत्नी की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक कारोबारी के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा।

लखनऊ के इन्दिरानगर निवासी प्रापर्टी कारोबारी अजय शर्मा(14वर्ष) अपनी पत्नी दीपिका शर्मा व बेटे आदित्य, बेटी अदिति के साथ मोहनलालगंज के बैरीसालपुर में अपनी ससुराल के पास बीते कुछ वर्षो से एक मकान किराये पर लेकर रहते थे।पत्नी दीपिका ने बताया बीते बुद्ववार को खाना खाने के बाद पति अपने कमरे में सोने चले गये ओर वो बच्चो के साथ सो गयी.जिसके बाद कारोबारी अजय ने कमरा अंदर से बंदकर छत में लगे पंखे के हुक में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।गुरूवार की सुबह बच्चो के स्कूल जाने की ड्रेस लेने के लिये पति के कमरे में गयी तो कमरे का दरवाजा अंदर से लांक था काफी खटखटाने के बाद भी दरवाजा नही खुला जाली से अंदर झांक कर देखा तो अंदर छत में लगे पंखे के हुक में गमछे के सहारे पति का शव लटका रहा था, जिसके बाद इसके होश उड़ गये ओर कोहराम मच गया।मौके पर पहुंचे पड़ोसियो ने घटना की सूचना मोहनलालगंज पुलिस को दी।जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक प्रापर्टी कारोबारी के शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया प्रथम द्दष्टया जांच में प्रापर्टी कारोबार में लाखो की रकम डुबने के चलते कारोबारी अजय शर्मा डिप्रेशन में आ गये थे जिसके चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है, पीएम में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## यूपी के चार शहरों में घूमने आ रहे खूब पर्यटक

### पर्यटन के मामले में लगातार दो साल से उत्तर प्रदेश नंबर वन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों के खर्च की जानकारी जुटाएगा। इसके लिए पर्यटन स्थलों से लेकर रेलवे व बस अड्डों पर विभाग की तरफ से पर्यटकों का सर्वेक्षण करवाया जाएगा। पहली सितंबर से शुरू होने वाले सर्वेक्षण में पर्यटकों से इस बात की जानकारी एकत्र की जाएगी कि वह उत्तर प्रदेश में अपनी यात्रा के दौरान कितनी राशि खर्च कर रहे हैं।




उत्तर प्रदेश लगातार दो वर्षों से पर्यटकों की संख्या के मामले में देश में पहले नंबर पर चल रहा है। पिछले वर्ष 48 करोड़ पर्यटकों ने प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया था। सबसे ज्यादा पर्यटक वाराणसी, मथुरा, आगरा व अयोध्या आए थे। इस वर्ष अयोध्या में श्रीराम लला के मंदिर के निर्माण के बाद पर्यटकों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में दो गुना बढ़ोत्तरी की उम्मीद की जा रही है। इसीलिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में पर्यटकों का कितना योगदान है इसकी सही जानकारी निकालने के लिए यह सर्वेक्षण किया जाएगा।

### प्रदेश के 247 पर्यटन स्थलों को किया चिह्नित

इसके लिए विभाग ने आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट (एआइआइएलएसजी) के साथ मिलकर प्रदेश के 247 पर्यटन स्थलों को चिह्नित किया है। एआइआइएलएसजी की तरफ से 200 से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

पहली सितंबर से यह युवा पर्यटन स्थलों व उसके पांच किलोमीटर के दायरे में स्थित ढाबों तथा खाने-पीने की दुकानों में आने वाले पर्यटकों का सर्वेक्षण करेंगे। साथ ही रेलवे स्टेशन व बस अड्डों पर भी सर्वेक्षण करके पर्यटकों के खर्च के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी।इस बारे में विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि सर्वेक्षण के बाद पर्यटन से प्रदेश को होने वाली आय की सही जानकारी पता चलेगी। आमतौर पर एक पर्यटक भ्रमण के दौरान खाने-पीने व घूमने तथा स्थानीय वस्तुओं की खरीद पर कम से कम दो हजार रुपये खर्च करता है।

## मेगा ई-ऑक्शन के जरिए इंडस्ट्रियल और कॉमर्शियल प्लॉट्स का होगा आवंटन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने और प्रदेश में औद्योगिक व व्यवसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए योगी सरकार सितंबर महीने में मेगा ई-ऑक्शन का आयोजन करने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने 15 जिलों में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन व 8 जिलों में व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।इस क्रम में, 4 सितंबर को आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है जबकि मेगा ई-ऑक्शन को 13 सितंबर को ऑनलाइन लिंक के जरिए पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रक्रिया के अंतर्गत जिन 8 जिलों में कॉमर्शियल प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा

## संक्षेप

### फांसी लगाकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाजीपुर ग्राम पुलिस चौकी के फतेहपुर गांव में एक युवक द्वारा आत्महत्या करने की घटना सामने आई है।28 वर्षीय पुनीत लोधी ने बीती रात अपने घर में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। इस दुखद घटना के बाद से उनके परिवार में कोहराम मच गया है।पुनीत लोधी की पत्नी विटान और चार छोटे बच्चे कृतीन बेटियां और एक बेटा हैं।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुनीत लोधी ने अपनी जिंदगी की दुखद समाप्ति मामूली कहासुनी के बाद की। उनके पिता स्वर्गीय मैकू लोधी थे, जिनकी याद में पुनीत की पत्नी विटान और उनके बच्चे अब जीवन की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

### होर्डिंग बैनर लगाने के लिए लगाई गई खुली बोली

शुक्लागंज, उन्नाव। नगर पालिका क्षेत्र में होर्डिंग बैनर लगाकर प्रचार प्रसार किया जाता है। उसी को देखते हुये गुरूवार को नगर पालिका गंगाघाट में होर्डिंग बैनर के ठेके के लिये खुली बोली का आयोजन किया गया। जहां नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी और अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा की उपस्थिति में बोली की कार्रवाई शुरू हुई। बोली प्रक्रिया में कपिल आर्ट और जीवीएम एडवरटाइजिंग फर्मों ने एक-एक लाख रुपये की धरोहर राशि जमा की। दोनों ने बढ़-चढ़कर बोली में हिस्सा लिया और अपनी-अपनी बोली लगाई। अंतिम बोली कपिल आर्ट ने 3 लाख 6 हजार रुपये की अंतिम बोली लगाकर ठेका हासिल किया।जिस पर होर्डिंग बैनर का ठेका अब कपिल आर्ट के नाम हुआ।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव।राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में 28 अगस्त एवं 29 अगस्त, 2023 को आयोजित इंटर हाउस क्रिकेट लीग, प्रतिस्पर्धी हाउसो के बीच खेल कौशल और प्रतिभा का एक रोमांचक प्रदर्शन था। पूरे टूर्नामेंट में सभी मैच काफी करीबी रहे, जिसने छात्र-छात्राओं को अपनी सीटों से बांधे रखा। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें हिडेकल हाउस, पिशन हाउस से 3 विकेट से विजयी हुआ और चौंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया। आयुष भारती और अयान अहमद को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह में प्रबंधक अजय त्रिवेदी, प्रधानाचार्या डेफने लेम्योर, दिनेश त्रिवेदी, अनुज त्रिवेदी एवं खेल शिक्षक उपस्थित थे। हिडेकल हाउस के सभी खिलाड़ियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई और प्रतियोगिता को यादगार बनाने के लिए सभी प्रतिभागी टीमों को बधाई दी गई। प्रतियोगिता सिर्फ मैचों की एक श्रृंखला नहीं थी, यह करीबी हार जीत के अविस्मरणीय क्षणों की गाथा थी।

# अतिशबाज के घर पर हुआ जोरदार विस्फोट, चपेट से तीन घायल, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर के अंतर्गत करनाईपुर गाँव मे सड़क किनारे बने दो मंजिला मकान पर रह रहे आतिशबाज के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में विस्फोट होने से समूचे क्षेत्र में यह खबर आग की तरह फैल गयी। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को देर सुबह टेढ़ा गाँव से सटे करनाईपुर गांव में एक मकान में जोरदार धमाका हुवा।उसी धमाके के साथ ही दो मंझिला इमारत कुछ ही पलों में जमीदोज हो गई विस्फोट इतना जबरदस्त था जिसका अंदाजा इसी से लगा धमाके की आवाज और आसमान पर छाए धुंए से दर्जनों गांवों की भीड़ कुछ ही देर में जुट गई आसपास के लोगो के मुताबिक घटना के तुरंत बाद ही मकान मालिक व एक सहयोगी गंभीर रूप से घायल मकान के बाहर अधजले घर से बाहर दौड़ कर निकले थोड़ी ही दूर जाकर वह गिर पड़े जबकि एक महिला को रेस्क्यू टीम द्वारा घायल अवस्था मे मकान के मलबे से निकाल गया। तीनो को सौ बेड शैय्या अस्तपताल बीघापुर भेजा गया जहाँ से घायलों को जिला अस्तपताल उपचार हेतु रिफर कर दिया गया।थाना क्षेत्र के भवानीखेडा निवासी सुनील गौतम पुत्र स्व०नन्हे गौतम जिन्होंने करनाईपुर गाव में लालकुँवा-ऊँचगाँव मार्ग पर सड़क के किनारे घर बना रखा था। इसी घर के पास टेढ़ा गाव निवासी मुन्नी पटेल ने चक्की खोल रखी थी। चक्की न चलने के कारण अब उन्होंने इसे जानवरो का हाता बना रखा है। मुन्नी पटेल के अनुसार शुबह करीब 10 बजे के आस पास सुनील गौतम के घर एक के बाद एक धमाके होना शुरू हुए ।हम लोग दहशत में आ गए। और तुरंत घर छोड़ गाव की ओर भागे। व पुलिस को सूचना दी।सुनील गौतम ने दो मंजिला मकान बना रखा था।वह अवैध रूप से आतिशबाजी का काम किया करता था। जिस प्रकार मकान में विस्फोट हुआ पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया। दरवाजो के परखच्चे कई मीटर दूर जा कर गिरे। विस्फोट के समय सुनील गौतम के पुत्र प्रियांशु,मयंक व पुत्री खुशी बीघापुर स्थित लक्ष्मी नारायण पब्लिक ई०का०पढ़ने हेतु गए थे। घर पर सुनील गौतम उसकी पत्नी बीना व उनका सहयोगी महतू पुत्र राजकुमार था।विस्फोट होने से सुनील गौतम व सहयोगी महतू गंभीर रूप से घायल अवस्था मे मकान के बाहर पड़े मिले जबकि सुनील गौतम की पत्नी बीना गौतम मलबे में ही दब गई। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस व रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बीना गौतम को मलबे से बाहर निकाला व सौ बेड शैय्या अस्तपताल बीघापुर भेजा जहा से तीनो को जिला अस्तपताल रिफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर कुछ ही देर में फायर ब्रिग्रेड की दो गाड़ी मौके पर पहुँची व सुलग रही आग पर पानी का छिड़काव कर बुझाया। मौके पर ए एस पी अखिलेश सिंह ,उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी,नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला,क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला के साथ फोरेंसिक टीम व रेस्क्यू टीम मौजूद रही।

**सुनील गौतम का पिता नन्हे गौतम भी आतिशबाजी का काम किया करता था उसकी मौत भी आतिशबाजी में विस्फोट के दौरान करीब 12 वर्ष पूर्व हो गयी थी।**

**मलबे में और भी लोगो के दबे होने की सूचना पर पुलिस जे सी बी से मलबा खंगालती रही और पुलिस मौके पर मौजूद भीड़ को खदेड़ती रही।**

**उसी गाँव के निवासी लाइसेंसधारी आतिशबाज चंद्रशेखर ने बताया कुछ माह पूर्व पुलिस को शिकायत कर बताया था कि बिना लाइसेंस के ही इन लोगो के द्वारा आतिशबाज का काम किया जा रहा है ।लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई।**

**स्थानीय लोगो के अनुसार इतनी बड़ी मात्रा में गोला-बारूद रख किसकी शह पर आतिशबाजी का काम किया जा रहा था। स्थानीय पुलिस द्वारा पहले से ही प्रभावी कदम क्यो नही उठाये गए।**

# जहरीला पदार्थ निगलने से युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के महाई गांव के रहने वाले युवक ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।उधर घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी।जानकारी पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बीघापुर थाना क्षेत्र के महाई गांव के रहने वाले 36 वर्षीय दिलीप कुमार तिवारी घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। तब परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल की इमर्जेंसी लेकर पहुंचे।जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक दिलीप की पत्नी ज्योति की छह माह पहले बीमारी से मौत हो गई थी। पत्नी की मौत के बाद दिल्ली छोड़कर दिलीप गांव आ गया था और खेती किसानी करने लगा था। दो बच्चे ऋषि व युवराज हैं।मृतक दिलीप की कानपुर लालबंगला में रहने वाले बहन गुडुन बच्चों का पालन पोषण कर रही थी।उसके आठ विवाहित बहनें विवाहित है। बहन गुहुन ने बताया कि परसों मेरे पास गया था। कुछ देर रुकने के बाद कहा कि घर जा रहे।तब उसने कहा था कि बहुत टेंशन में हैं। तब बहन ने उसे समझाया भी था।दिलीप दो भाईयों में बड़ा था और छोटा भाई पुनीत दिल्ली में है। बड़े भाई की मौत की सूचना दी गई है।चचाएं हैं कि पत्नी की मौके पर उसने रिश्तेदार की युवती से शादी कर ली थी। शादी को लेकर अक्सर परिजनों से कहासुनी हुआ करती थी। बीते मंगलवार को भी इसी बात को लेकर घर में लोगों से कहासुनी हुई थी। दिलीप शराब का लती बताया जा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पानी में उतराता मिला वृद्ध का शव



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव जगेथा निवासी 61 वर्षीय ज्ञानेंद्र तिवारी बुधवार रात समय लगभग आठ बजे खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे।काफी देर तक घर वापस ना आने पर बेटा रितुल अन्य स्वजन के साथ खोजबीन की तो गांव के ही रामखेलवान के खेत में बने गढ्डों में भरे पानी में ज्ञानेंद्र का शव उतराता हुआ मिला।रितुल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।बेटे रितुल ने बताया कि पिता की किडनी काफी दिनों से खराब थी।जिसके चलते कुछ दिनों से मानसिक परेशान थे।ज्ञानेंद्र की मौत से पत्नी कुसुमा,बेटा रितुल ,बेटी रोली रो रोकर बेहाल रहे। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# कुत्ते को पीटने से मना किया तो दबंगो ने युवक को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के तकिया मोहल्ले में बुधवार की देर शाम एक कुत्ते को मारने से मना करने पर दूसरे परिवार के लोगों ने एक युवक को बेरहमी से पीट दिया और विवाद बढ़ गया। घायलवस्था में परिजन ठेले से उपचार के लिए सीएचसी ले गए। घटना कि जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। कार्रवाई का आश्वासन दिया।जानकारी के अनुसार, तकिया निवासी खुशनूर ने बांगरमऊ कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके घर के सामने पालतू कुत्ते को कुछ लोग मार रहे थे, जब उसने मना किया तो कुछ वहीं मौजूद लोगों ने मिलकर लाठी डंडों से पिटाई शुरू कर दी। बचाव करने पहुंचे पिता शाहनूर और भाई इसनूर पर भी हमला कर दिया। इसमें शहनूर के सिर में डंडा लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।इसी दौरान मारपीट करने वाले मौका पाकर भाग निकले। घायल अवस्था में खुशनूर इसनूर को उपचार के लिए बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां डॉक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार किया।पीड़िता के बहन ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें धमकी दी है कि वह उसे जान से मार देंगे। इसके बाद घटना की जानकारी उसने थाना पुलिस को दी।सूचना मिलने के बाद बांगरमऊ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही का शोषण दिया है इंस्पेक्टर बांगरमऊ राजकुमार ने बताया कि मारपीट करने वालों की तलाश की जा रही है उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया गया

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांगरमऊ उन्नाव में प्राचार्य प्रोफेसर सदानंद राय के संरक्षण व क्रीड़ा प्रभारी डॉ० दिग्विजय नारायण के नेतृत्व में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया गया ।जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ पर प्राचार्य राय ने कहा कि ध्यानचंद ने ओलंपिक में भारत को तीन बार स्वर्ण पदक दिलाया।खेल जगत उनके इस योगदान को कभी भूल नही जा सकता। इस अवसर पर छात्र व छात्रा दोनों वर्गों में रस्साकसी तथा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता कराई गई ।म्यूजिकल चेयर में छात्रा वर्ग में सिमरन प्रथम , वर्षा द्वितीय व शुभी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्र वर्ग में सौरभ प्रथम , अवधराज द्वितीय व नीरज कुमार तृतीय स्थान पर रहें ।रस्साकसी में छात्रा वर्ग में पारुल की टीम तथा छात्र वर्ग में अवध राज की टीम विजेता घोषित की गई। प्रतियोगिता के दौरान डॉ० सविता, डॉ० शैलजा त्रिपाठी, डॉ० किरन, सविता राजन, सुनीता निरंकारी, डॉ० अभय राजपूत, डॉ० अभिषेक कुमार, धमेंद्र कुमार द्विवेदी व डॉ० बृजकिशोर गुप्ता आदि शिक्षक तथ प्रेम कुमार गौतम, कन्हैयालाल, जितेंद्र व बसंत लाल मौर्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहित निखिल, नीरज, आंशू, साहिल, सूरज, अपूर्व, राजकुमार, काजल, पारुल, निवेदिता, सुनैना, शुभी आदि सैकड़ो छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# डिप्थीरिया रोग की चपेट से नवजात बालिका की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में डिप्थीरिया रोग ने अपने पैर फसाना शुरू कर दिए हैं।इस रोग से ग्रसित हो एक नवजात बालिका की आज मृत्यु हो गई किंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी कर्मचारी इस घटना से अनजान है। फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी रामबाबू शुक्ला की पांच माह की पुत्री पिछले एक पखवारे से बुखार से ग्रसित थी उसके शरीर और गर्दन पर दाने भी पड़े थे। जिसका इलाज नगर के कुछ झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा था।जानकार लोगों ने लक्षणों को देखते हुए बताया कि उक्त नवजात बालिका डिप्थीरिया रोग से ग्रसित थी। इलाज करने वाले किसी भी झोलाछाप डॉक्टर को इस बात का कोई ज्ञान नहीं था।नगर में डिप्थीरिया रोग ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिए हैं इससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी कर्मचारी में अनजान रहे।आज दोपहर उक्त नवजात बालिका जब काफी बुखार से ग्रसित हुई तो उसके माता-पिता उसको नगर के एक चिकित्सक के यहां ले गए। बताते हैं कि जैसे ही उक्त चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाया तो नवजात बालिका की मृत्यु हो गई।माता पिता मृतक बालिका को लेकर जैसे ही वह अपने घर आए तो मोहल्ले में काफी कोहराम मच गया और महिला पुरुष दहाड़े मारकर रोने लगे।तथा उनके घर में महिला पुरुषों का मजमा जुड़ गया। परिवार के लोगों ने मृतक बालिका के शव को ले जाकर कल्याणी नदी के पास अंतिम संस्कार कर दिया है।

# चेतावनी बिंदु के करीब पहुंच रहा है गंगा का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।गंगा का जलस्तर तेजी से चेतावनी बिंदु के करीब पहुंच रहा है, जिससे तटवर्ती इलाकों के सैकड़ों मकानों के आसपास पानी भर गया है। इस स्थिति ने वहां रहने वाले लोगों के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी है। जिला प्रशासन ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में छह नावों की व्यवस्था की है, ताकि आवागमन में मदद मिल सके।पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण पश्चिम के बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।शुक्लागंज की ओर गंगा का उफान खासा दिखाई दे रहा है। पश्चिमी क्षेत्र के सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, चंपापुरवा, तेजीपुरवा, शाही नगर, हुसैन नगर, मनसुख खेड़ा के निचले इलाकों में सैकड़ों मकानों के आसपास पानी भर गया है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन के लिए जिला प्रशासन ने छह नावों की व्यवस्था की है। वहीं, केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, मंगलवार शाम को गंगा का जलस्तर 111.720 मीटर था, जो बुधवार शाम को 111.930 मीटर तक पहुंच गया। गुरुवार को भी जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो अब चेतावनी बिंदु से महज सात सेंटीमीटर दूर है। आयोग ने बताया कि पश्चिम के बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण जलस्तर चेतावनी बिंदु को पार कर सकता है।बैराज बांध के पोस्ट रीडर गेज उत्तम पाल ने बताया कि हरिद्वार से 62 हजार 709 क्यूसेक, बैराज बांध से 2 लाख 65 हजार 949 क्यूसेक, और नरौरा बांध से 77 हजार 233 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिससे गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है।गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु के पास पहुंचने के कारण कई तटवर्ती इलाकों में सैकड़ों घरों के अंदर पानी घुस गया है।एसडीओ राजेंद्र प्रसाद के निर्देश पर सुरक्षा के मद्देनजर गोताखोर, कर्बला, शाही नगर, और हुसैन नगर के कई पोलों की लाइन खोल दी गई है, जिससे तीन सौ से अधिक घरों की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है। इससे सैकड़ों परिवारों को उमस भरी गर्मी और अंधेरी रातों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, घरों के आसपास भरे बाढ़ के पानी और जहरीले जीव-जंतुओं के खतरे के बीच इन परिवारों को अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# डीएम व सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय समिति एवं पीएमएवाई-जी सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठी की बैठक जिलाधिकारी गौरांग राठी के कुशल निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रेस ब्रीफिंग कर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के संशोधित मानक के साथ ही सर्वेक्षण की रणनीति के संबंध में आम जनमानस को जानकारी दी गई ताकि योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्राप्त हो सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि इस योजना के प्रारम्भ से ( 2016-17 से 2023-24 तक ) अब तक जनपद को आवंटित लक्ष्य 62920 के सापेक्ष्य 62913 आवास स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत आवासों में 62749 आवास पूर्ण तथा 164 आवास अपूर्ण हैं। अपूर्ण आवासों को लेकर सीडीओ ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपूर्ण आवासों को अविलम्ब पूर्ण कराया जाए। साथ ही जो आवास अपात्र व्यक्तियों को मिले हैं, ऐसे आवासों की रिकवरी की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाए।उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत निर्मित आवासों को तब तक पूर्ण नहीं माना जा सकता है, जब तक आवासों में मनरेगा मजदूरी, शौचालय, विद्युत कनेक्शन, आवास में प्लास्टर व लोगो, एलपीजी कनेक्शन, पेयजल की सुविधा व परिवार को एस0एच0जी0 की सुविधा पूर्ण न करा ली गयी हो।उन्होने बताया कि वर्तमान में आवास प्लस की स्थायी पात्रता सूची में 341 लाभार्थी प्रदर्शित हो रहे हैं, जिनमें अपात्र लाभार्थियों को रिमाण्ड कराते हुए पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराया जाना है।

सीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बेघर एवं आवासविहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि पात्र परिवार/लाभार्थी का नाम सर्वेक्षण के पश्चात तैयार की जाने वाली स्थायी पात्रता सूची में समलित होना चाहिए। 09 सितम्बर से प्रारम्भ होने वाले आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 के माध्यम से नए पात्र लाभर्थियों को सूची में जोडने की कार्यवाही की जानी है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य में प्रत्येक स्तर पर सावधानी अपेक्षित है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य होगी और तद्नुसार संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होने कहा कि आवास प्लस सर्वे का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए, ताकि वास्तविक लाभार्थियों को ही इसका लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि पात्रता एवं अपात्रता के मानकों की ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थान पर वाल राइटिंग करायी जाए, जिससे जन सामान्य को इसके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हो सके।

सीडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सर्वे-2024 के अन्तर्गत ग्रामीण परिवारों के सभी आवासविहीन परिवार एवं शून्य, एक या दो कमरों के कच्ची दीवार और कच्ची छत युक्त मकानों में रहने वाले परिवार को शामिल किया जायेगा। सर्वे में आश्रय विहीन परिवार, बेसहारा भीख मांग कर जीवन यापन करने वाले, हाथ से मैला ढोने वाले, आदिम जनजातीय समूह, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर एवं नए परिवारों को भी शामिल किया जाएगा।उन्होने जानकारी दी कि मोटर युक्त तिपहिया/चैपहिया वाहन हो, मशीनी तिपहिया/चैपहिया कृषि उपकरण हो, रू0 50000.00 अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाला किसान केडिट कार्ड हो, आवेदनकर्ता/परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, आवेदनकर्ता/परिवार का कोई सदस्य गैर कृषि उद्यम में सरकार के साथ पंजीकृत हो, आवेदनकर्ता/परिवार का कोई सदस्य रू0 15000.00 प्रतिमाह से अधिक कमा रहा हो, आयकर देने वाला परिवार, व्यवसाय कर देने वाला परिवार, वो परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो, वो परिवार जिनके पास 5.00 एकड़ या इससे अधिक असिंचित भूमि हो, को अपात्र माना जाएगा।

बैठक में ब्लाक प्रमुख बिछिया नीरज गुप्ता, डीडीओ संजय पाण्डेय, पीडी तेजवंत सिंह, डीसी मनरेगा मुनेश चन्द्र, एलडीएम सुनील वर्मा, एसटीओ मालिनी सिंह, डीएसटीओ चित्रा दुबे, सूचना अधिकारी सतीश कुमार आदि जिला स्तरीय समिति के सदस्यों सहित अन्य खण्ड विकास अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

# वनरक्षक बीट ने दो युवकों पर दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।प्रतिबंधित हरे पेड़ों को काटे जाने को लेकर वनरक्षक बीट ने दो लोगों के खिलाफ तहरीर देकर नाम जद मुकदमा कराया दर्ज -

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में शासन के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत व कस्बे में पेड़ लगाओ अभियान चलाकर पेड़ लगवाए जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कुछ लोगों द्वारा चोरी छुपे प्रतिबंधित पेड़ो की कटान भी जोरों पर है उसी के तहत वनरक्षक बीट बीघापुर मुखबिर की सूचना पर ग्राम बेहटा गोपी पहुंची जहां 6 आम व नीम के पेड़ ताजे कटे ठूठ मिले व ताजे पेड़ों के पत्ते मिले जानकारी पर संबंधित थाना बीघापुर में पेड़ मालिक सुभाष द्विवेदी पुत्र चंद्रबली निवासी बेहटा गोपी व विजय पुत्र श्री कृष्ण निवासी पाही के खिलाफ थाने में तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्र संरक्षण वन अधिनियम 1976 व 1980 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया

# नगर पंचायत कार्यालय में जन संवाद दिवस का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पंचायत गंजमुरादाबाद कार्यालय के मीटिंग हाल में आज बृहस्पतिवार को ₹जन संवाद दिवस₹ का आयोजन किया गया। जिसमें प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व संतोष जनक ढंग से निस्तारण के लिए शिकायतकर्ताओं से जन संवाद भी किया गया। मालूम हो कि जन समस्या/ जनसुनवाई हेतु विशेष दिवस के रूप में यह जन संवाद दिवस का आयोजन प्रत्येक बृहस्पतिवार को कराये जाने के आदेश सरकार/ शासन से प्राप्त हुए हैं। जिसमें शिकायतकर्ताओं को बुलाकर उनसे संवाद करके गुणवत्तापूर्ण व संतोषजनक ढंग से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाता है।इस मौके पर शिकायतकर्ताओं के साथ ही कार्यालय कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# भारत और अमेरिका के रिश्ते हुए और मजबूत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिकी यात्रा कूटनीतिक लिहाज से अहम है। भारत और अमेरिका के रिश्ते आर्थिक, रणनीतिक व सामरिक सभी मोर्चे पर मजबूत हैं। जुलाई में पीएम नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा के बाद से अमेरिका की तरफ से कई बयान आए, जिसमें भारत के लिए नसीहतें थीं। राजनाथ अमेरिका तब गए हैं, जब पीएम मोदी ने यूक्रेन व पोलैंड की यात्रा की है। रूस के बाद यूक्रेन की यात्रा पीएम ने संतुलन साधने के लिए की तो राजनाथ को अमेरिका इसलिए भेजा गया कि अमेरिका की ओर से भारत को ध्यान में रख कर दिए जा रहे नसीहती बयानों पर विराम लगे। रक्षा मंत्री के अमेरिका जाने के बाद अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन से बयान आया कि इंडो-यूएस मिलकर ग्लोबल मंत्रों पर काम करेंगे। भारत कूटनीतिक रूप से अमेरिका को साधना चाहता है, ताकि चीन के खिलाफ ग्लोबल पावर हाउस बना रहे। राजनाथ सिंह ने अमेरिका में पनडुब्बियों और अन्य नौसैनिक हथियारों के परीक्षण के लिए दुनिया की सबसे बड़ी और तकनीकी रूप से सबसे उन्नत इकाइयों में से एक का दौरा किया। यह दौरा ऐसे समय में हुआ, जब भारत में स्वदेशी रूप से विकसित इसी तरह की सुविधा की स्थापना का प्रस्ताव है। इंडो-यूएस एक स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र का दृष्टिकोण साझा करते हैं और अपने रक्षा औद्योगिक संबंधों का विस्तार कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था आपूर्ति (एसओएसए) समझौता किया। इसके तहत दोनों देश राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए पारस्परिक प्राथमिकता आधारित समर्थन प्रदान करने पर सहमत हो गए हैं। यह अमेरिका-भारत रक्षा प्रौद्योगिकी और व्यापार पहल (डीटीटीआई) को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कारक होगा। यूएस ने 5.28 करोड़ डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 'एंटी सबमरीन वारफेयर सोनोबॉयज़' और संबंधित उपकरण की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी है। अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता तथा नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली को बनाए रखने सहित साझा मूल्यों पर आधारित है। व्यापार, निवेश एवं कनेक्टिविटी के माध्यम से वैश्विक सुरक्षा, स्थिरता तथा आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में दोनों देशों के साझा हित हैं। भारत और यूएसए संयुक्त राष्ट्र, जी-20, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान), क्षेत्रीय मंच, क्वाड, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन सहित बहुपक्षीय संगठनों में निकटता से सहयोग करते हैं। भारत, हिंद-प्रशांत आर्थिक संरचना (आईपीईएफ) पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ साझेदारी करने वाले बारह देशों में से एक है। भारत हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) का सदस्य है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका एक संवाद भागीदार है। भारत ने अब अमेरिका के साथ सभी चार मूलभूत समझौतों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। वर्ष 2016 में लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (तेमोआ), वर्ष 2018 में संचार संगतता और सुरक्षा समझौता (कॉमकासा), वर्ष 2020 में भू-स्थानिक सहयोग हेतु बुनियादी विनिमय और सहयोग समझौता (बेका) जबकि सैन्य सूचना समझौते की सामान्य सुरक्षा पर बहुत समय पहले हस्ताक्षर किये गए थे, इसके विस्तार औद्योगिक सुरक्षा अनुबंध पर वर्ष 2019 में हस्ताक्षर किये गए थे। दोनों देश कई क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। इसलिए राजनाथ का अमेरिका दौरा रणनीतिक लिहाज से अहम है।

पाकिस्तान

विवेक शुक्ला



# क्यों नहीं थम रहे पाक में पंजाबियों पर हमले

पाकिस्तान में पंजाबियों के खून बहने का सिलसिला थम नहीं रहा है। सोमवार को अल सुबह बलूचिस्तान सूबे में कम से कम 23 पंजाबी मुसाफिरों को बसों और ट्रकों से उतारकर बारी-बारी से गोली से उड़ा दिया गया। हमलावरों ने पहले मुसाफिरों से उनके पहचान पत्रों की जांच की और एक बार जब उन्हें यकीन हो गया कि ये पंजाब से हैं तो उनका कत्ल कर दिया गया। बलूचिस्तान में कामकाज के सिलसिले में गए पंजाबियों का कत्लेआम बीते चारेक सालों से जारी है। तरीका एक ही है। किसी सुनसान जगह से गुजरने वाली बसों और ट्रकों को रोक कर पंजाबी मुसाफिरों को मार दो। पिछले मई में पाकिस्तान के तटीय शहर ग्वादर में अज्ञात बंदूकधारियों ने पंजाब प्रांत के सात लोगों को गोली मारकर भून डाला था। ये सब पेशे से नाई थे। इस साल बलूचिस्तान में पंजाबियों पर हमलें की यह चौथी बड़ी घटना है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से ईरान जा रहे नौ पंजाबियों की अप्रैल में हत्या की जिम्मेदारी ली थी। पंजाबियों को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी चुन-चुनकर मार रही है। पंजाबी नौजवानों को अगवा भी किया जा रहा है। फिर उनका पता ही नहीं चल पाता। इस तरह के सैकड़ों केस हैं। पाक सरकार के लाख चाहने के बावजूद पंजाबियों पर हमले की खबरें दुनिया के सामने आ ही जाती हैं।

**क्यों निशाने पर पंजाबी** : पाकिस्तान की एक बड़ी आबादी नफरत करती है पंजाब, पंजाबियों और पंजाबियों से भरी हुई पाकिस्तानी सेना से। सबको लगता है कि पंजाब उनका शोषण कर रहा है और उनके हकों को मार रहा है। दरअसल बलूचिस्तान में लंबे समय से पाकिस्तानी सरकार पर बलूचिस्तान के प्रचूर प्राकृतिक संसाधनों के लूटने के आरोप लग रहे हैं। उनका कहना है कि इस कारण बलूचिस्तान बर्बाद हो गया है। प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न होने के बावजूद, बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे कम आबादी वाला और गरीब प्रांत बना हुआ है। बलूचिस्तान की जनता मानती रही है कि उनके देश की सेना ने उनके महबूब नेता अकबर बुगती का कत्ल किया था। बलूचिस्तान में पंजाबी विरोधी आंदोलन से पाकिस्तान सरकार की नींद उड़ी हुई है। उसका इस आंदोलन के कारण परेशान होना लाजिमी है। दरअसल इसी बलूचिस्तान सूबे में चीन की मदद से 790 किलोमीटर लंबा ग्वादर पोर्ट बन रहा है। पाकिस्तान सरकार को लगता है कि ग्वादर पोर्ट के बनने से देश की तकदीर बदल जाएगी। पर बलूचिस्तान के अवाम को यह सब झूठ ही लगता है। उनका मानना है कि ग्वादर पोर्ट बनने से सिर्फ पंजाब के हितों को ही लाभ होगा। उन्हें तो बस छला जा रहा है।

**खोखले दावे** : पाकिस्तान सरकार पंजाबियों पर हमलावरों को पकड़ने के रस्मी दावे-वादे करती है, पर होता कुछ नहीं है। लाहौर में रहने वाले लेखक और भाषाविद् प्रो. तारिक जताला कहते हैं कि पाकिस्तान सरकार और सेना पर पंजाबियों का कब्जा है। इसलिए पाकिस्तान में गैर- पंजाबी पंजाबियों से नफरत करते हैं। ईस्ट पाकिस्तान, जो अब बांग्लादेश है, वह भी पंजाब के वर्चस्व से निकलने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह करने लगा था। ईस्ट पाकिस्तान पर पाकिस्तान सेना ने नाइंसाफी की थी।

**पाकिस्तान का विचार** : पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में इस्लामिक कट्टरपन सबसे ज्यादा है। यह भी याद रखना होगा कि पाकिस्तान के विचार को पंजाब ही आगे बढ़ाता है। पाकिस्तान सेना में 80 फीसद तक पंजाबी है, हालांकि देश में उनकी आबादी 65 फीसद के करीब होगी। पाकिस्तान सेना ने खून-खराबा करने में अपनों को भी नहीं बख्शा है। पाकिस्तानी सेना ने साल 1969-71 में अपने ही मुल्क के बंगाली भाषी लोगों पर जुल्म ढाना शुरू किया। इस कार्रवाई को पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्च लाइट का नाम दिया। सेना ने लाखों लोगों की बेरहमी से हत्याएं कीं, हजारों युवतियों से सरेआम बलात्कार किया और तरह-तरह की अमानवीय यातनाएं दीं। पाकिस्तानी सेना के दमन में मारे जाने वालों की तादाद 30 लाख थी।

# लड़की किसे चाहिए ?



करवट

कुमार प्रशांत

पूरा कोलकाता पहले गुस्से से लाल हुआ, फिर जल-भुन कर राख हुआ! अस्पताल में ही नहीं, वह राख कोलकाता शहर में भी सब दूर फैली। जुलूस-धरना-प्रदर्शन चला तो लगातार चलता ही रहा। उसे भाजपा समेत विपक्षी दलों ने उकसाया-भड़काया जरूर लेकिन वह जल्दी ही कोलकाता के भद्रजनों के आक्रोश में बदल गया। ऐसा जब भी होता है, बंगाल से ज्यादा खतरनाक भद्रजन आपको खोजे नहीं मिलेंगे। ममता बनर्जी यह अच्छी तरह जानती हैं क्योंकि इसी भद्रजन के आक्रोश ने, उन्हें मार्क्सवादी साम्यवादियों का पुराना गढ़ तोड़ने में ऐसी मदद की थी कि वे तब से अब तक लगातार सत्ता में बनी हुई हैं। लेकिन सत्ता ऐसा नशा है एक जो जानते हुए भी आपको सच्चाई से अनजान बना देता है। ममता भी जल्दी ही बंगाल के भद्रजनों की इस ताकत से अनजान बनती गईं।

किसी भी अन्य मुख्यमंत्री की तरह सत्ता के तेवर तथा सत्ता की हनक से उन्होंने बलात्कार व घिनौनी क्रूरता के साथ लड़की रेजिडेंट डॉक्टर की हत्या के मामले को निबटाना चाहा। लेकिन उस मृत डॉक्टर की अतृप्त आत्मा जैसे उत्प्रेरक बन कर काम करने लगी। जैसे हर प्रदर्शन-जुलूस-नारे-पोस्टर के आगे-आगे वह डॉक्टर खुद चल रही थी। ऐसी अमानवीय वारदातों को दबाने-छिपाने-खारिज करने की हर कोशिश को विफल होना ही था। वह हुई और कोलकाता का आर.जी. कर अस्पताल, ममता की राजनीतिक साख व संवेदनशील छवि के लिए वाटर-लू साबित हुआ। अब ममता भी हैं, उनकी सत्ता भी है लेकिन सब कुछ कंकाल मात्र है।

यह आग कोलकाता से निकल कर देश भर में फैल गई। मामला डॉक्टरों का था जो वैसे भी कई कारणों से सारे देश में हैरान-परेशान हैं। सो देश भर की सूखी लकड़ियों में आग पकड़ गई। आंच सुप्रीमकोर्ट तक पहुंच गई। नागरिक अधिकारों, संवैधानिक व्यवस्था, प्रेस की आजादी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से ले कर सत्ता के मर्यादाविहीन आचरण तक के सभी मामलों में देश में जैसी आग लगी हुई है, उसकी कोई लपट जिस तक नहीं पहुंचती है, उस अदालत को यह लपट अपने-आप कैसे दिखाई दे गई, कहना कठिन है। मणिपुर की लड़कियों को जो नसीब नहीं हुआ, कोलकाता की उस डॉक्टरनी को वह नसीब हुआ- भले आन व जान देने के बाद! सुप्रीम कोर्ट ने आनन-फ़ानन में अपनी अदालत बिठा दी और कड़े शब्दों में अपनी व्यवस्था भी दे दी, एक निगरानी समिति भी बना दी जिसकी निगरानी वह स्वयं करेगी। मैं हैरान हूं कि हमारी न्यायपालिका, जो इसकी निगरानी भी नहीं कर पाती है कि उसके फैसलों का सरकारें कहां-कब व कितना पालन करती हैं, वह डॉक्टरों पर हिंसा की जांच भी करेगी व उसकी निगरानी भी रखेगी, यह कैसे होगा ! लेकिन अदालत कब सवाल सुनती है ! अगर वह सुनती तो उसे सुनायी दिया होता कि सत्ता की शह से जब समाज में व्यापक कानूनहीनता का माहौल बनाया जाता है, तब राजनीतिक ही नहीं, सामाजिक-नैतिक-आर्थिक एनार्की का बोलबाला बनता है। कानूनविहीनता का आलम देश में बने तो यह सीधा न्यायपालिका का मामला है, क्योंकि संविधान के जरिये देश ने यही जिम्मेवारी तो उसे सौंपी है। न्यायपालिका के होने का यही, और एकमात्र यही औचित्य है। 2014 से अब तक अदालतों को यह दिखाई नहीं दिया तो अंधेरा और किसे कहते हैं ? बताते हैं कि कोलकाता के अस्पताल में जब वह अनाचार हुआ तो वहां भी अंधेरा था।




कोलकाता की घटना के बाद यौनाचार व यौनिक हिंसा की कितनी ही वारदातों की खबरें देश भर से आने लगीं। लगा जैसे कोई बांध टूटा है ! पता नहीं, ऐसा कहना भी कितना सही है। जब घर-घर में ऐसी वारदातें हो रही हों, जब सब तरफ हिंसक उन्माद खड़ा किया जा रहा हो तब कोई कैसे कहे कि यह जो सामने है, यह पूरी तस्वीर है!

यह सब हुआ, होना चाहिए था। आगे भी होता रहेगा। प्रधानमंत्री यूक्रेन की आग बुझा कर लौटेंगे तो चुनावी आग में इस मामले को होम कर, धू-धू जलाएंगे। लेकिन जो नहीं पूछा गया और जिसका जवाब नहीं मिला वह यह सवाल है कि लड़की किसे चाहिए ? आर.जी.कर अस्पताल में जो अनाचार व अत्याचार हुआ, वह डॉक्टर पर नहीं हुआ, लड़की पर हुआ। वह लड़की डॉक्टर थी और वह जगह अस्पताल थी, यह संयोग है। महाराष्ट्र में जो हुआ वह स्कूल था, और जिनके साथ हुआ वे छोटी बच्चियां थीं। तो जो यौन हिंसा हो रही है, उसके केंद्र में लड़की है जिसका स्थान, जिसकी उम्र, जिसका पेशा आदि अर्थहीन है। तो सवाल वहीं खड़ा है कि लड़की किसे चाहिए ? जवाब यह है कि हर किसी को लड़की चाहिए : व्यक्तित्वविहीन लड़की ! शरीर चाहिए। वह स्त्री-पुरुष के बीच जो नैसर्गिक आकर्षण है, उस रास्ते मिले कि प्यार नाम की जो सबसे अनजानी-अदृश्य भावना है, उस रास्ते मिले या डरा-धमका कर, छीन-झपट कर, मार-पीट कर मिले। वह मिल जाए, यह हवस है; मिल जाने के बाद हमारे मन में उसकी प्रतिष्ठा नहीं मिलती है। इसलिए घर, जो लड़की के बिना न बनता है, न चलता है, लड़की के लिए सबसे भयानक जगह बन जाता है जहां उसकी हस्ती की मजार मिलती है। हर घर में लड़की होती है लेकिन मिलती किसी घर में नहीं है। इसकी अपवाद लड़कियां भी होंगी लेकिन वे नियम को साबित ही करती हैं।

इसलिए समस्या को इस छोर से देखने व समझने की जरूरत है। अंधी-कुसंस्कृति की नई-नई पराकाष्ठा छूती राजनीति व जाति-धर्म-पौरुष जैसे शक्ति-संतुलन का मामला यदि न हो, तो भी स्त्री के साथ अमानवीय व्यवहार होता है। ऐसी हर अमानवीय घटना हमें बेहद उद्वेलित कर जाती है। दिल्ली के निर्भया-कांड के बाद से हम देख रहे हैं कि ऐसा उद्वेलन बढ़ता जा रहा है। यह शुभ है। लेकिन यह भीड़ का नहीं, मन का उद्वेलन भी बने तो बात बने। स्त्री-पुरुष के बीच का नैसर्गिक आकर्षण और उसमें से पैदा होने वाला प्यार का गहरा व मजबूत भाव हमारे अस्तित्व का आधार है। वह बहुत पवित्र है, बहुत कोमल है, बहुत सर्जक है। लेकिन इसके उन्माद में बदल जाने का खतरा हमेशा बना रहता है। यह नदी की बाढ़ की तरह है। नदी भी चाहिए, उसमें बहता-छलकता पानी भी चाहिए, बारिश भी चाहिए, वह धुआंधार भी चाहिए लेकिन बाढ़ नहीं चाहिए। तो बांध मजबूत चाहिए। कई सारे बांध प्रकृति ने बना रखे हैं। दूसरे कई सारे सांस्कृतिक बांध समाज को विकसित करने पड़ते हैं। समाज जीवंत हो, प्रबुद्ध हो व गतिशील साझेदारी से अनुप्राणित हो तो वह अपने बांध बनाता रहता है।

परिवार में स्त्री का बराबर का सम्मान व स्थान, परिवार के पुरुष को सांस्कृतिक अनुशासन के पालन की सावधान हिदायत, समाज में यौनिक विचलन की कड़ी वर्जना, कानून का स्पष्ट निर्देश व उसकी कठोर पालना से ऐसा बांध बनता है जिसे तोड़ने आसान नहीं होगा। प्यार की ताकत समर्पण में ही नहीं, उसके अपमान की वर्जना में भी प्रकट होनी चाहिए। नहीं देखता-पढ़ता या सुनता हूं कि किसी प्रेमिका ने अपने प्रेमी को, किसी पत्नी ने अपने पति को, किसी मां ने अपने बेटे को, किसी बहन ने अपने भाई को यानी किसी स्त्री ने अपने दायरे में आने वाले किसी भी पुरुष-संबंध को रिश्ते से, परिवार से बाहर कर दिया हो क्योंकि उससे यौनिक अपराध हुआ है। बलात्कारी को यदि यह अहसास हो, उसके आसपास ऐसे उदाहरण हों कि यौनिक हिंसा के साथ ही वह समाज व परिवार से हमेशा-हमेशा के लिए वंचित हो जाएगा, तो यह एक मजबूत बांध बना सकता है। मनुष्य सामाजिक प्राणी है। वह समाज को तब तक ही ठेंगे पर रखता है जब तक उसे विश्वास होता है कि वह समाज को हांक ले जाएगा। ऐसा इसलिए होता है कि आज अधिकांशतः समाज जीवंत, संवेदनशील मनुष्यों की जमात नहीं, भीड़ भर है। भीड़ में से मनुष्य को निकाल लाना बड़ी दुर्धर्ष मनुष्यता का काम है। लेकिन बांध बनाना कब आसान रहा है !

यह हमारी खुद से लड़ाई है। लड़का डराएगा नहीं, लड़की लुभाएगी नहीं, तभी दोनों एक-दूसरे के प्रति सहज-स्वस्थ-सुंदर रिश्ता बना व निभा पाएंगे। फिर बच जाएंगी दुर्घटनाएं जिन्हें संभालने-सुधारने-स्वस्थ बनाने का काम घर-समाज-कानून मिल कर करेंगे। अगर ऐसा कुछ बोध समाज को हुआ तो कोलकाता के उस अस्पताल की वह डॉक्टर सच में हम सबकी डॉक्टर बन जाएगी।

## आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित

दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्रा कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भगवान श्रीकृष्ण सबके आदर्श

भगवान श्रीकृष्ण हमारे बहुत बड़े गुरु, आदर्श और मार्गदर्शक हैं। इन्होंने हमें बताया है कि हमें हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिएं। भगवान भावना के भूखे होते हैं। इनकी बाल लीलाओं को देखा जाए, इनके बारे में पढ़ा जाए, तो हमें पता चलता है कि यह अपने किसी गरीब मित्र से भी घृणा नहीं करते थे, बल्कि उसके साथ हमेशा खेलते रहते थे। जब-जब भी सृष्टि पर पाप बढ़ा है, असुरों के अत्याचार से प्राणी जाति संकट में आई है और सत्य, इनसानियत का पतन होने लगा है, तब-तब भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में आए हैं। कभी राम बनके, तो कभी कृष्ण के रूप में। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी प्यार व इनसानियत से जीने का संदेश देती है। यह अहंकार छोड़ने और गलत आदतों से दूर रहने का सबक देती है। *- महेश पटवा, धमतरी*

## करंट अफेयर

### म्यांमा की सीमा के पास गश्त करेगी चीन की सेना

चीन की सेना इस सप्ताह म्यांमा सीमा के पास सशस्त्र गश्त करेगी क्योंकि चीनी सरकार म्यांमा में गृहयुद्ध में भीषण संघर्ष के संभावित नतीजों को लेकर चिंतित है। चीनी सेना की दक्षिणी थियेटर कमान ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बनाए रखने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए सोमवार को दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत में सैनिकों को तैनात किया गया है। एक जातीय मिलीशिया समूह ने म्यांमा की सेना को देश के पूर्वोत्तर में कई झटके दिए हैं, जो चीन के पास स्थित है। गत जनवरी में चीन के क्षेत्र में तोप का एक गोला गलती से गिरने से पांच लोग घायल हो गए थे।



## ऑफ बीट

### वायरस वहां कारगर जहां एंटीबायोटिक रहते बेअसर

चूंकि दुनिया भर में एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया की संख्या में वृद्धि होने से पारंपरिक एंटीबायोटिक अप्रभावी हो रहे हैं, इसलिए विशिष्ट वायरस इसका समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। बैक्टीरियोफेज या फेज कहलाने वाले वायरस बैक्टीरिया या जीवाणुओं को निशाना बनाते हैं, लेकिन इंसानों या दूसरे जीवों को संक्रमित नहीं कर सकते। फेज बैक्टीरिया की कोशिका में अपना डीएनए इंजेक्ट करते हैं, उनके संसाधनों का इस्तेमाल करके प्रतिकृति तैयार करते हैं और फिर आस-पास के ज्यादा जीवाणुओं को संक्रमित करने के लिए बाहर निकल आते हैं। मूलत:, वे प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले, खुद से फैलने वाले और विशिष्ट एंटीबायोटिक हैं।



## ट्रेंड

### बहुत खुशी हुई



अपने दोस्त ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ से बात करके खुशी हुई। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति और क्वाड सहित बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग का जायजा लिया।

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भय का माहौल



ज़िम्मेदार लोगों का काम भय से बचाना होता है, भय फैलाना नहीं। अगर ये किसी के व्यक्तिगत विचार हैं तो गलत हैं और अगर उनके दल के हैं तो और भी ज़्यादा ग़लत हैं। इस वातावरण में क्या डबल इंजन दुबक कर जा बैठा है।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### जन्माष्टमी है खास



बचपन से ही जन्माष्टमी का दिन मेरे लिए बहुत यादगार रहा। उधर घर में झांकी सजाने की तैयारी होती और इधर हमें पूरा दिन व्रत रखना पड़ता। दिन में एक या दो बार रुलाई आ ही जाती।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### मनुष्य को सशक्त बनाना



भगवान कृष्ण का मिशन मनुष्यों को इतनी ऊंचाई तक सशक्त बनाना था कि देवता उनसे ईर्ष्या करें। हर इंसान में वह क्षमता होती है। जरूरत है तो बस इतनी कि उस क्षमता का किस तरह से विकास किया जाए कि इंसान देव की तरह निष्कपट रहे, वो इंसानियत को अपनाए।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

## संक्षेप

### बाल संसद का गठन, मोहिनी प्रधानमंत्री निर्वाचित

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत कलवारी में स्थित प्राथमिक विद्यालय दुगार्पुर में छात्रों में शिक्षा के प्रति रूचि, नेतृत्व की क्षमता को विकसित करने,उनके सीखने के स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से बाल संसद का गठन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री पद पर मोहिनी, मो0 समीर, सफाअत अली, आर्यन और जियाउल ने अपना-अपना नामांकन किया। मोबाइल ऐप (ईवीएम) मशीन के द्वारा हुई वोटिंग में मोहिनी कों 45, समीर कों 15, सफाअत 8, आर्यन 21 और जियाउल 9 वोट प्राप्त हुए। प्राप्त वोटिंग के मुताबिक मोहिनी कों निर्वाचित घोषित किया गया। बाल संसद गठन में जीते हुए पदाधिकारियों को शिक्षक सत्यभानु ने बधाई दी। विद्यालय परिवार की तरफ से निर्धारित दिशा निर्देश कों बताते हुए शपथ दिलाकर कार्यभार सौपा गया। इस मौके पर शिक्षक विनोद गिरि,अनुपमा सिंह (शिक्षामित्र) रसोइया एवं अभिभावकगण मौजूद रहे।

### पिलखुवा पुलिस ने लूट करने वाले 4 बदमाशों को दबोचा

हापुड़, हापुड़ में पिलखुवा कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने ट्रांसफार्मर के पाट्र्स लूट और चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से भारी मात्रा में तांबे की पत्ती, तांबे के तार के 27 बंडल, 20 हजार रुपए की नकदी, एक मोबाइल, अवैध असला, और घटना में इस्तेमाल की गई एक कार बरामद की है। कुछ दिन पहले बदमाशों ने पिलखुवा थाना क्षेत्र में स्थित ऑरेंद्र ग्रीन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में चौकीदार को बंधक बनाकर और जिंदल के पास बिजली घर के ट्रांसफार्मर से कॉपर पाट्र्स चोरी की घटना को अंजाम दिया था। तभी से पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम शानू (निवासी पठानकोट बड़ोद, जनपद बागपत), प्यार मोहब्बत (निवासी मोहल्ला दसबीसा, थाना वेब सिटी, जनपद गाजियाबाद), ताहिर (निवासी सिवाल खास, मोहल्ला बड्डापीर, मेरठ) और सुमित (निवासी गांव मुजैकीपुर, थाना प्रतापपुर, मेरठ) हैं। इन्हें छिजारसी-परतापुर के रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब पकड़े गए बदमाशों के अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

### गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

हापुड़, हापुड़ जिले के कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र के गांव हिंडालपुर में सोमवार को गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इस हिंसक झड़प में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा, साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी।

# महसी क्षेत्र के कछार में लगाये गये पिंजरे में कैद हुआ खूंखार भेड़िया

## दो महीने में चार भेड़ियों को पकड़ चुका है वन विभाग, एक की हो चुकी मौत

- महसी तहसील क्षेत्र में 50 गांव में फैला है भेड़िए का आतंक
- दो महीने में एक वृद्ध समेत 9 बच्चों को निवाला बना चुका है भेड़िया

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। वन प्रभाग बहराइच के तहसील महसी के अन्तर्गत 50 से अधिक गांव में इन दिनों भेड़िए का आतंक मचा हुआ है। 2 महीने में भेड़िए ने एक वृद्धा समय 9 बच्चों को निवाला बना डाला है साथ ही 50 से अधिक लोग घायल भी हो चुके है। वही वन विभाग की टीम भेंड़िया को पकड़ने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है लेकिन भेड़ियों की संख्या अधिक होने की वजह से वन विभाग भी फेल हो रहा है। भेड़िया प्रभावित क्षेत्र में भेड़िया को पकड़ने के लिए वन प्रभाग बहराइच, वन प्रभाग कतर्नियाघाट सहित डीएफओ बाराबंकी आकाशदीप बधावन को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वही प्रभावित क्षेत्र का दौरा जिलाधिकारी मोनिका रानी पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला सहित वन विभाग के उच्च अधिकारियों समेत उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री डाक्टर अरुण सक्सेना भी क्षेत्र में भ्रमण कर पीड़ितों से मिल चुके हैं। वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में गुरुवार को दोपहर में एक नर भेड़िया कैद हो गया। भेड़िया प्रभावित क्षेत्र में अब तक चार भेंड़ियो को कैद किया गया है जिसमें एक की मौत भी हो चुकी है। भेड़िए के आतंक से तहसील महसी क्षेत्र के 50 गांव में लोग परेशान है वहीं बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित है स्कूल सूनसान पड़े हुए हैं। अधिकांश लोग अपने बच्चों को अपने रिश्तेदारी में भेज चुके हैं जिससे उनकी सुरक्षा की जा सके वही पूरी रात लोग जाग-जाग कर अपनी और बच्चों की सुरक्षा में लगे हुए हैं। गुरुवार को चौथे भेड़िए को पकड़े जाने के बाद वन विभाग ने मामूली राहत की सांस ली है वहीं ग्रामीणों का मानना है कि अभी कई अन्य भेड़िया क्षेत्र में सक्रिय हैं जिनसे खतरा है। वन विभाग भी भेंड़िया को पकड़ने के लिए पूरी ताकत से जुटी हुई है जिसमें ड्रोन कैमरे के साथ ट्रैपिंग कैमरे व ट्रैकुलाइज टीम भी लगी हुई है वन विभाग के अधिकारी गांव में कैंप कर लोगों को सतर्क करते हुए भेंड़िया को पकड़ने में जुटे हुए हैं।

# प्रभारी मंत्री ने दीवानपुरवा का किया भ्रमण

## शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। प्रदेश के मंत्री मत्स्य व जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज निषाद, भाजपा पदाधिकारी रणविजय सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र मिश्रा व अन्य पाटी पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम रायपुर के मजरा दीवानपुरवा पहुंचकर हिंसक वन्य जीव के हमले में मृतक 6 वर्षीय आयांश पुत्र सजन पासवान के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि हिंसक वन्यजीवों के हमलों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी चिन्तित हैं तथा स्थिति पर निगाह रखे हुए हैं। प्रभारी मंत्री ने अपील की कि सभी ग्रामवासी भी अपने स्तर पर सर्तकता बनाये रखें तथा घर के बाहर कदापि न सोये। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि इस सर्च आपरेशन में जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, सीओ महसी रूपेन्द्र गौड़, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ जितेन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी महसी हेमन्त यादव, एसडीओ वन नानपारा अशोक कुमार व अन्य अधिकारी, भाजपा व निषाद पार्टी के पदाधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालय के छात्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय विद्यालयों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा द्वारा गठित डॉक्टरों की टीम के द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय दुगार्पुर (गुरुवार) कों डॉ वीरेंद्र कुमार (एमओ) के नेतृत्व में पहुंच कर छात्रों का परीक्षण किया तत्पश्चात दवा वितरण की गईं।डॉ प्रियंका वर्मा ने स्कूल में उपस्थिति 105 छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य, सुरक्षा संबंधी व मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए जानकारी भी दी।कुछ बच्चों कों उपचार हेतु इलाज करने के लिए सीएचसी चर्दा पर बुलाया गया। डॉ वीरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर गवर्नमेंट आफ इंडिया द्वारा संचलित योजना अंतर्गत क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में प्रतिवर्ष अध्यनरत छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। जांच में अस्वस्थता एवं गंभीर बीमारी अगर किसी छात्र-छात्राओं में मिलती है तो उनको दवा वितरण भी किया जाता है। और आवश्यकता अनुसार जिला चिकित्सालय में लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में उपचार के लिए रैफर भी किया जाता है।

जहां पूरी तरह इलाज निःशुल्क होता है। इस मौके पर डॉ गौरव तिवारी सहित शिक्षक सत्यभानु, विनोद गिरि, अनुपमा सिंह उपस्थिति रहे।

# जिले में खोदे जायेगे 53 खेत तालाब एवं होगी खेतो की मेंड़बन्दी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति/जिला मिशन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत नेशनल मिशन फार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के घटक वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास( आर ए डी), प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना अन्तर्गत खेत तालाब योजना एवं पं0 दीन दयाल उपाघ्याय किसान समृद्वि योजना की आयोजित बैठक में भूमि संरक्षण विभाग( कृषि ) द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत नेशनल मिशन फार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के घटक वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आर.ए.डी.), प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना के अन्तर्गत खेत तालाब योजना में विभाग को धनराशि आवंटन हुई है जिसे समय से व्यय करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र द्वारा पं0 दीन दयाल उपाघ्याय किसान समृद्वि योजना के बारे में अधिक से अधिक क्षेत्र लक्ष्यानुसार उपचारित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने आर ए डी योजना में कलस्टर के स्थल चयन पर चर्चा की। उप कृषि निदेशक डाक्टर टीपी शाही द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गई। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ0 सौरभ वर्मा द्वारा उपस्थित कृषको द्वारा पूछे गये प्रश्नो का उत्तर दिया गया एवं सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया, इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सुबेदार यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नन्दा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नन्दन सिंह, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदय शंकर सिंह, एसडीओ कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए सुरेन्द्र पाल, अवर अभियन्ता कृषि नितिन कुमार, प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता, हरी नरायन सिंह उर्फ बब्बन सिंह, शशांक सिंह, जियाउल हक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# फुलझडी की तरह जलती रही केबिल, नही उठा पावर हाउस का फोन

अमन लेखनी समाचार/फैजान

कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड कैसरगंज के वैरी महेशपुर गांव में बुधवार की रात्रि 11:30 पर खम्भे में लगी भीषण आग से पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया।ग्रामीणों ने तुरंत मदद के लिए पावर हाउस से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन पावर हाउस का सीयूजी (कंट्रोल यूनिट) लग ही नहीं रहा था, जिससे मदद मिलने में देरी हो रही थी जिससे लोग घबराकर घर से बाहर आ गए थे। स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों को भी बार-बार फोन किया गया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। लोगों का कहना है कि एसडीओ का फोन भी लगातार रिंग होता रहा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि पावर हाउस के अधिकारी, कर्मचारी कुम्भकर्ण की नींद में सोए हुए थे, जिसकी वजह से फोन नही उठा पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल रहा। देर तक जलने के कारण आग ने बिजली खंबों के केबलों को गंभीर नुकसान पहुंचाया, जिससे पूरे गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

इस घटना से गांव के लोग बेहद आक्रोशित हैं और उन्होंने पावर हाउस अधिकारियों की लापरवाही की सख्त जांच की मांग की है।इस शार्ट सर्किट की घटना से गांव में बिजली आपूर्ति और सुरक्षा प्रबंधन की खामियों को उजागर कर दिया है। गांव के लोग संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नाराज होकर फोन ना उठाने की जांच की मांग कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# जब जक सूरज चाँद रहेगा तब तक अमर शहीद दिलीप निषाद का नाम रहेगा

- भारत बांग्लादेश सीमा पर तैनात जवान का संदिग्ध परिस्थितियों में हुआ निधन
- अमर शहीद जवान का शव गांव पहुंचते ही दिलीप निषाद अमर रहे के लगे नारे
- अमर शहीद जवान का अंतिम दर्शन पाने के लिए लाखों की संख्या में पहुंचे लोग

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। जनपद के थाना कोतवाली नानपारा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरघुट्टा गांव निवासी दिलीप कुमार निषाद का लगभग 2 वर्ष पूर्व अग्नि वीर में चयन हुआ था। घर परिवार के लोग खुशी थे लेकिन मंगलवार देर शाम हेड क्वार्टर से आए फोन ने पूरे घर में चीख पुकार मच गई। फोन द्वारा बताया गया कि दिलीप की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। वहीं परिजनों का कहना है कि दिलीप कभी भी किसी भी प्रकार की बीमारी से ग्रसित नहीं था। दिलीप निषाद का गुरुवार शाम 5 बजे के आसपास पश्चिम बंगाल से नानपारा होते हुए शव गांव पहुंचा। अमर शहीद दिलीप निषाद को देखने के लिए और उसकी वीरता की जय जयकार करने के लिए लोग गांव से 20 किलोमीटर दूर से ही लाइन लगाकर इंतजार कर रहे थे। जैसे ही अमर शहीद दिलीप निषाद का शव वाहन दिखा लोगों ने जब तक सूरज चांद रहेगा दिलीप निषाद तेरा नाम रहेगा, दिलीप निषाद अमर रहे भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगा रहे थे।गांव पर लाखों लोग अमर शहीद का अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहा। दिलीप निषाद तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है वही बेटे के शहादत पर भी लोग परिजनों ढाढंस बंधा रहे हैं। 21 वर्ष की उम्र में शहीद हुए दिलीप निषाद के लिए पूरे जनपद के लोगों में एक तरफ जहां शोक की लहर है वहीं दूसरी तरफ लोग दिलीप निषाद की वीरता की जय जयकार कर रहे हैं। अमर शहीद दिलीप निषाद के अंतिम दर्शन में उमड़ा जन सैलाब आंसू बहाने से कोई रोक नहीं पाया हर व्यक्ति की आंखें नम थी। पूरे जिले के लोग सोशल मीडिया पर भी अमर शहीद दिलीप कुमार निषाद के वीरता को नमन करते हुए दिखे।

# विधायक का पुतला छुड़वाकर भागी पुलिस

## प्रदर्शनकारियों से हुई छीना-झपटी, मायावती पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ कर रहे थे प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़-मेरठ रोड पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास शोषित क्रांति दल के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने भाजपा विधायक राजेश चौधरी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने भाजपा विधायक का पुतला फूंकने का प्रयास किया। जिसको वहां तैनात पुलिसकर्मी छीनकर भागने लगे। इस बीच पुलिसकर्मियों पर प्रदर्शनकारियों में छीना झपटी भी हुई। राजेश चौधरी मथुरा की माट विधानसभा सीट से विधायक हैं।

उन्होंने एक टीवी डिबेट के दौरान बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसके बाद से शोषित क्रांति दल में नाराजगी थी। उसी का विरोध करने मंगलवार को ये लोग हापुड़-मेरठ रोड पर पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया। इस बीच प्रदर्शनकारियों ने राजेश चौधरी का पुतला फूंकने की भी कोशिश की। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई छीना झपटी का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है।एक महिला पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों से पुतला छीनकर लाई। उसके बाद एक पुलिसकर्मी उसे पुतला लेने लगा।तभी एक प्रदर्शनकारी आता है और फिर से पुतला छीनने लगता है लेकिन पुलिसकर्मी पुतला लेकर भाग जाते हैं। बता दें, प्रदर्शनकारियों से पुतला छीनने वाले नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह और महिला थाना प्रभारी अरुणा राय हैं। प्रदर्शनकारियों ने विधायक के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। शोषित क्रांति दल के पूर्व जिलाध्यक्ष केपी सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि मथुरा की माट विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश चौधरी ने 23 अगस्त को एक समाचार चैनल की डिबेट शो में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर अभद्र टिप्पणी की है। जिससे दलित समाज की भावनाएं आहत हैं। उनमें गुस्सा है।

उन्होंने विधायक राजेश चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

# सिद्धार्थनगर में पूर्व मंत्री ने किया बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा

- कहा-बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता की जाएगी, आपके साथ योगी सरकार

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर में पूर्व मंत्री डा. सतीश दिवेदी ने डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव पिपरा कानूनगों, तरहर, सिसवा, सिसई, असनहरा, वेव, जुड़वनिया, कोहेलवा, देवरिया चमन, चिताही, मल्हवार, मधुकरपुर चौबे, डीवलीडीहा चौबे, तेनुई, नेहथुआ, चन्दनजोत कठौतिया का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि योगी सरकार बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता के लिए उनके साथ खड़ी है। बाढ़ के कारण गिरे मकानों के पुनर्निर्माण के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के तर्ज पर 1 लाख 20 हजार रुपए की सहायता और क्षतिग्रस्त मकानों के मरम्मत के लिए क्षतिपूर्ति भी दी जाएगी। पूर्व मंत्री ने प्रशासन से कहा कि बाढ़ पीड़ितों को राहत कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। ग्रामीणों से कहा कि आपदा में सरकार पूरी तरह आपके साथ है। वह हर प्रकार मदद के लिए तत्पर है, हर संभव मदद के लिए हमेशा आपके साथ हूं प्रदेश सरकार पर प्रभावित क्षेत्रों में मदद के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

# धक्का देकर चलाई गई डायल 112 की गाड़ी

## अमरोहा में हाल में भेजी गई गाड़ियों की स्थिति खराब, रेलवे स्टेशन के पास की घटना

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा जिले में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पर सवाल खड़े हो गए हैं, जब पुलिस की डायल 112 की पीआरवी वैन को धक्का मारकर चलाने के दो वीडियो सामने आए हैं। यह घटना अमरोहा रेलवे स्टेशन के माल गोदाम के पास की बताई जा रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे कुछ लोग पुलिस की डायल 112 वैन को पहले आगे की ओर धकेलते हैं, लेकिन गाड़ी स्टार्ट नहीं होती। इसके बाद, वीडियो में लोग गाड़ी को पीछे की ओर धकेलते हुए दिखाए गए हैं। यह घटना प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में भेजी गई नई पुलिस गाड़ियों की है, जो कि इस समय सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। इसको लेकर विभिन्न प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। कई लोग इस बात पर भी आश्चर्यचकित हैं कि इतनी महत्वपूर्ण डायल 112 सेवा की गाड़ी को धक्का मारकर स्टार्ट करना पड़ा, जबकि यह गाड़ी हाल ही में सरकार द्वारा भेजी गई थी।

# सिद्धार्थनगर में नहीं कम हो रहा राप्ती का जलस्तर

- जलभराव से लोग परेशान, गांवों में भरा है 2 फिट तक पानी

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के भनवापुर ब्लाक क्षेत्र में राप्ती के बाढ़ का पानी थोड़ा कम होने से राहत जरूर मिली, मगर लोगो का संकट कम नहीं हुआ है। क्षेत्र के करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोगों की समस्याएं जस की तस बनी हुई है। लोगों को जहां आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं किसानों को अपने धान के फसलों को लेकर चिंता सता रही है। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के शाहपुर सिंगारजोत मार्ग पर बह रहे बाढ़ का पानी कम होने से लोगों को राहत महसूस हो रहा है, जो अपने दो व चार पहिया वाहनों को लेकर अभी भी दो फीट पानी से हो कर गुजर रहे है। धनोहरा, पेंड़ारी मुस्तहकम, मछिया, सोनखर डीह, रमवापुर उर्फ नेबुआ, वीरपुर एहतमाली, चन्दनजोत, कोहल गोनकोट, नेहतुआ आदि गांवों के लोगों को घुटने से ऊपर य कहीं कहीं कमर तक पानी से होकर अपने जरूरतों की पूर्ती के लिए खरीददारी करने बाजार या फिर स्थानीय चौराहे पर जाना पड़ता है। क्षेत्र के चौड़ा बाबा, शिव कुमार, मनोज, शिव प्रकाश, सलमान मलिक, फजल, राजू, प्रदीप, लवकुश, रियासुद्दीन आदि ने बताया कि बाढ़ का पानी नाम मात्र कम हुआ है। मगर स्थिति अभी भी बद से बदतर है, आवागमन, शौंच, पशुओं के साथ ही इमरजेंसी में जरूरत पड़ने पर ट्रैक्टर या फिर चारपाई का सहारा लेना मजबूरी है।

# संक्षेप

## अनूपशहर में गंगा के जलस्तर में गिरावट

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, अनूपशहर मे गंगा का जलस्तर घटना शुरू हो गया है। बिजनौर बैराज से लगातार काफी कम पानी छोड़ा जा रहा है। मंगलवार को 42700 क्यूसेक ही पानी छोड़ा गया है।जिससे गंगा के जलस्तर में करीब दो फुट की गिरावट हुई है। जिससे बबस्टरगंज घाट की कुछ सीढ़ियों व गंगा आरती प्लेट फार्म से पानी वापस गंगा में चला गया है तथा मौहल्ला गंगाद्वार में भी लाल महादेव व पाताली घाट के बीच की सड़क पर आया पानी भी वापस गंगा में चला गया है।जिससे बबस्टरगंज स्थित आरती प्लेटफार्म व लाल महादेव घाट सड़क पर सिल्ट जमा हो गयी है।जिसने कीचड़ का रूप धारण कर लिया है।इस कीचड़ के बन जाने से श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दे की अनूपशहर तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव के खेतों में गंगा के बढ़ते जल स्तर की वजह से पानी आ गया था। किंतु अब लगातार गंगा के जलस्तर में हो रही कमी के पश्चात खेतों से पानी वापस गंगा की ओर जाने लगा है जिससे ग्रामीणों को राहत की सांस मिली है।एसडीएम अनूपशहर प्रियंका गोयल ने बताया कि तहसील प्रशासन द्वारा लगातार गंगा के जल स्तर पर निगरानी रखी जा रही है। बिजनौर बैराज से 42700 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। फिलहाल अनूपशहर के जलस्तर में करीब 2 फुट की कमी दर्ज की गई है।

## ओबरा डैम में जलस्तर बढ़ने से खोले गए फाटक

अमन लेखनी समाचार

ओबरा, सोनभद्र के ओबरा डैम में विभिन्न जल स्त्रोतों से लगातार पानी की आवक के कारण जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। देर रात डैम का जलस्तर 193.24 रेडियस लेवल तक पहुंच गया।जिससे स्थिति को नियंत्रित करने के लिए डैम प्रशासन ने दो फाटक खोलकर जल निकासी शुरू कर दी। डैम के फाटक खोलने से पहले, प्रशासन ने रात में ही पूरे क्षेत्र में अनाउंसमेंट कर रेणुका नदी के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क किया और उन्हें नदी में न जाने की अपील की।इसके साथ ही स्थानीय निवासियों से अपने सामानों को सुरक्षित स्थान पर रखने की भी अपील की गई। ओबरा डैम का जलस्तर 193 मीटर पर स्थिर है। डैम के जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।देर रात जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जाने के बाद डैम के 9 में से 2 फाटक खोलकर जलस्तर को नियंत्रित किया गया। फाटक नंबर 6 और 8 से पानी छोड़े जाने के बाद जलस्तर को 193 मीटर पर लाया गया है। फाटक खुलने से रेणुका नदी के आसपास के 7 गांवों में अलर्ट जारी किया गया था। डैम प्रशासन, ओबरा पुलिस और ग्राम प्रधान ने रात में ही लोगों को सूचना देकर सतर्क कर दिया था। महेश भारती ने बताया कि 193.05 मीटर तक जलस्तर स्थिर होने के बाद एक फाटक को बंद कर दिया गया है।

# आईजीएल में सर्वोत्तम 10 वर्ष पूरा करने पर कर्मयोगियों को पुरुस्कृत किया गया

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में प्लान्ट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय द्वारा आईजीएल फैक्ट्री में 10 वर्ष पूर्ण करने पर 7 कर्मयोगियों को प्रशस्ति पत्र एवं घड़ी प्रदान कर पुरुष्कृत किया गया।पुरुष्कृत होने वाले कर्मयोगियों में मिश्रा प्रवीणभाई श्रीरामचार्य, सुरेंद्र पूरी, सुनील कुमार, जय प्रकाश ठाकुर, संदीप कुमार सिंह, संदीप त्रिपाठी ० दीनानाथ दुबे ने बिजनेस हेड के प्रति आभार एवं आईजीएल में बिताये अपने 10 श्रेष्ठतम समय के सफर को साझा किया। इस अवसर पर बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने आईजीएल के सभी कर्मयोगियों के प्रति आभार जताते हुए कहा की आप लोगों द्वारा मिले इस विश्वास, दृढ़संकल्प एवं अथक परिश्रम से आईजीएल कम्पनी उत्तर प्रदेश के साथ साथ भारत की ग्रेट प्लेस टू वर्क और ड्रीम कम्पनीज टू वर्क फॉर के गौरव की सिद्धि प्राप्त की है। और सभी कर्मयोगीयों को आश्वाशन दिया की आईजीएल निरन्तर इस तरह कार्यक्रम का संचालन करती रहेगी जिससे सभी कर्मयोगियों को सम्मान और पुरुस्कृत करने का सौभाग्य प्राप्त होता रहेगा। इस अवसर पर प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय ने पुरुष्कृत हुए सभी कर्मयोगियों को शुभकामना दिए और उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम का संचालन दशरथ मिश्रा ने किया और कार्यक्रम की व्यवस्था अखिलेश कुमार शुक्ल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ऐ के सिंह, अजीत त्रिपाठी, अतुल पाण्डेय, सुनील कुमार, शैलेश चंद, रजनीकांत पांडेय, राजीव त्रिपाठी, अमित कश्यप, हृदयेश त्रिपाठी, साक्षी वैश्य और वैष्णवी भटिआ, सुगंधा अधिकारी ० अन्य कर्मयोगी उपस्थित रहे।

# युवती के साथ छेड़छाड़ दो पक्षों में जमकर मारपीट, छः घायल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के भक्सा गांव की एक लड़की ने खेत में कार्य कर रही युवती को अकेला देखकर गांव का एक युवक छेड़छाड़ करने लगा था।दूर खेत में कार्य कर रहे भाई को युवती ने घटना के बारे में जानकारी दी तो भाई ने युवक को दौड़ा कर पीट दिया। शाम 7 बजे के करीब इसी बात को लेकर दोनो के परिजन में कहासुनी होने लगी।और दोनो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमे। एक पक्ष से श्याम सुंदर 50 वर्ष श्रवण 25 वर्ष, राम पारस 35 वर्ष तथा दूसरे पक्ष से अर्जुन 20 वर्ष,किसमावती 50 वर्ष,जोखन 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया।पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा किशोरी मेला का किया गया आयोजन




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जनपद के विकास खंड जंगल कौड़िया के ग्राम पंचायत रायपुर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में ब्रेकथ्रू संस्था के द्वारा किशोरी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें किशोर किशोरियों के साथ मिशन शक्ति को लेकर चर्चा हुई, जिसमे स्पॉन्शरशिप, कन्या सुमंगला योजना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्पलाइन नंबर के साथ महिला सम्मान, सुरक्षा को लेकर बात हुई।साथ ही महिला हेल्प लाइन का प्रयोग कैसे और कब करे के बारे में बताया गया, यह कार्यक्रम ब्रेकथ्रू के द्वारा आयोजित कराया गया।जिसमें प्रधानाचार्य, आशा ब्रेकथ्रू संस्था से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संजय यादव के द्वारा कार्यक्रम को समापन किया गया।

# जांच टीम लौटी बैरंग नहीं हुई हॉस्पिटल पर कार्यवाही




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।पीपीगंज में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे जीडी मेमोरियल हॉस्पिटल पर जांच टीम की कार्रवाई नाकाम साबित हुई है।दूरभाष पर नोडल अधिकारी ने बताया कि हॉस्पिटल का गेट बंद होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी। हालांकि, मरीजों का आना-जाना लगातार जारी रहा। ज्ञात हो कि इससे पहले एसडीएम, सीएमओ और एसीएमओ की जांच में कई अस्पताल अवैध पाया गया था।इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि पीपीगंज नगर पंचायत के आसपास कई ऐसे ही अवैध अस्पताल, मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी संचालित हो रहे हैं।प्रशासन की इस उदासीनता से लोगों में रोष है।स्थानीय निवासीयो ने बताया कि हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।प्रशासन सिर्फ जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है।

# नदी में स्नान करने गये युवक की डूबने से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के खखरेरु फतेहपुर थाना क्षेत्र के मनकापुर गांव के एक युवक की नदी में स्नान करते वक्त डूबने से मौत हो गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील गुप्ता पुत्र गोवर्धन प्रसाद गुप्ता उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम मनकापुर(चन्द्र शेखर नगर)दोपहर लगभग 12.30बजे घर से गांव के बाहर सूदनपुर की तरफ जाते हुए गांव से लगभग 500 मीटर दूरी पर ससुर खदेरी नदी पड़ती है जिसमें बने बांध में नहाते वक्त पैर फिसल जाने से नदी में डूबने से मौत हो गई।ग्रामीणों ने बताया कि बांध में नहाते वक्त पैर फिसल गया जिससे सुनील नदी में डूब गया।नदी में डुबते हुए कुछ ग्रामीणों ने देखा तो गांव में आकर लोगों से बताया। जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीण पहुंच कर सुनील को नदी में तैरते हुए बहुत ढूंढा काफी खोजबीन के बाद काफी दूर सुनील का शव मिल जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खखरेरु लेकर आये जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की खबर सुनकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।मृतक तीन भाई हैं जो दूसरे नम्बर का था परिजनों में माता मन्नू देवी भाई अनिल कुमार व सुशील कुमार हैं। इस सम्बन्ध थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार राव से बात करने पर बताया कि मृतक का शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खखरेरु से पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।गीडा थाना क्षेत्र के जीतपुर के पास बस दुर्घटना में बस के परिचालक ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने का केस दर्ज कराया है।प्रतापगढ़ जनपद के सराय निवासी कैलाश नाथ तिवारी उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस संख्या यूपी 78 जेएन 7512 के परिचालक है।पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि चालक राजेश कुमार गाड़ी चला रहे थे कि जीतपुर के पास अज्ञात ट्रक ने ने गलत तरीके से मोड़ दिया, जिससे बस दुर्घटना ग्रस्त हो गई और चालक घायल हो गए।इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।साथ ही बस में सवार 37 यात्रियों को दूसरी बस से भेजा गया।एसओ महेंद्र मिश्रा ने कहा कि परिचालक की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाए अपने-अपने दांव पेंच

अमन लेखनी समाचार



बिन्दकी, फतेहपुर।जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील अंतर्गत दरौटा लालपुर में दो दिवसीय विराट दंगल का किया गया आयोजन दंगल में उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न प्रदेशों से आए पहलवानों ने अपनी कुश्ती की कला का प्रदर्शन किया आपको बताते चले कि जनपद फतेहपुर स्थित दरौटा लालपुर का यह प्राचीन दंगल अपनी भव्यता और प्राचीनता के लिए जाना जाता है इस प्राचीन दंगल को देखने जहां दूर दराज से लोग आए तो वहीं विभिन्न पहलवानों की रोमांचकारी कुश्ती देखकर लोगों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन भी किया जहां दंगल में विभिन्न राज्यों से आई महिला पहलवानों ने भी प्रतिभाग किया दंगल की सबसे बड़ी कुश्ती श्याम सिंह व बाबा अयोध्या के बीच 51000 की लड़ी गई जिसमें बाबा अयोध्या ने जीत हासिल की दंगल की भव्यता के बारे में बताते हुए ग्राम प्रधान सुधीर सिंह ने बताया कि विगत कई वर्षों से लगने वाला यह दंगल अपनी भव्यता के लिए जाना जाता है जहां दंगल में उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों से महिला व पुरुष पहलवान कुश्ती लड़ने आते हैं हम अपने गांव में इस तरह के आयोजन हर साल करवाते हैं हमारा उद्देश्य है कि इस तरह के आयोजनों से लोगों के अंदर अपनी पुरानी परंपराओं को जीवंत रखने की प्रेरणा भी मिल पाती है इस मौके पर सुधीर सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समेत विभिन्न ग्राम पंचायत के प्रधान वह ग्रामीण जनमानस उपस्थित रहे।

# स्कूली वैन से भिड़ी अनियंत्रित मोटरसाइकिल , बच्चों समेत महिला घायल



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के ललौली थाना क्षेत्र में ललौली-बहुआ मार्ग पर गैस गोदाम के समीप एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सामने से आ रही स्कूली वैन से टकरा गई।जोरदार टक्कर से वैन सवार बच्चों में चार बच्चे व बाइक में सवार महिला, व उसके बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वैन में लगभग दस बच्चे सवार थे, हादसा गड्ढे बचाने के कारण हुआ है।घायल महिला उछलकर वैन का शीशा तोड़ अन्दर आ गई। सूचना पर मौके स्थानिय पुलिस पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक उपचार कर छः बच्चों को मामूली चोट होने के कारण घर भेज दिया गया।जबकि तीन बच्चे व बाइक सवार महिला और उसके बच्चों को गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी पर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक के अध्यक्ष हेमलता पटेल भी मौके पर पहुंची और घायलों की मदद कर कहाँ की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। ओवरलोड ट्रक की वजह से मार्ग की स्थिति जर्जर हो गई है, जिससे इस तरह के हादसे रोजाना होते रहते हैं।

# दो बेटियों संग कुएं में कूदी मां, बेटियों की मौत

## पति से झगड़े के बाद लगाई छलांग, खुद ईंट पकड़कर बाहर आ गई

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र में एक मां पति से झगड़े के बाद अपनी दो बेटियों के साथ कुएं में कूद गई।कुछ देर बाद महिला तो कुएं में लगी ईंट पकड़कर बाहर आ गई लेकिन उसकी दोनों बेटियां गहरे पानी में चली गई।परिवार के लोगों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली वो लोग कुएं के पास पहुंचे। दोनों बेटियों को बाहर निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत बता दिया। ये मामला सोनभद्र के घोरावल कोतवाली क्षेत्र के लीलवाही गांव का है। मां ने बेटियों संग सोमवार देर रात कुएं में छलांग लगाई है।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बेटियों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बड़ी बेटी का नाम रीता (4) है।वहीं दूसरी बेटी 10 महीने की थी। मां का नाम अरुणा है। पिता का नाम अमरेश है। अमरेश मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। बेटियों की मौत के बाद से वो बहुत दुखी है। वहीं घटना के बाद मां अरुणा का कहना है, मेरा और मेरे पति का आए दिन विवाद होता रहता था।मैं रोज-रोज इस बात से परेशान होती थी। बच्चों पर भी इसका असर पड़ता था।सोमवार को भी पति घर आए तो मेरा उनसे झगड़ा होने लगा।मेरे बच्चे रो रहे थे लेकिन उस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा था। तभी खुद के साथ अपने बच्चों को भी खत्म करने के बारे में सोच लिया था। रात में खाना खाने के बाद जब घर में सब लोग सो गए तो मैं अपनी बेटियों के साथ घर से निकल गई। घर से 100 मीटर की दूरी पर ही कुआं है।उसी में मैंने छलांग लगा दी। कुएं में कूदते ही मुझे अपना फैसला गलत लगने लगा। उसी समय मेरे हाथ में एक ईंट आ गई। मैं उसको पकड़कर ऊपर आ गई लेकिन मेरी बेटियां डूब गई थीं। मैं काफी देर तक अपनी बेटियों को देखती रहीं लेकिन वो दोनों नहीं दिखीं।उसके बाद मैं जब घर गई तो वो लोग हम तीनों को ही ढूंढ रहे थे।मुझे देखकर वो लोग बेटियों के बारे में पूछने लगे। मैं उनको सच्चाई बताकर फांसी लगाने लगी लेकिन मेरे पति ने मुझे रोक लिया।उसके बाद सब लोग कुएं की ओर गए। वहां पर रात में ही बेटियों को ढूंढा गया लेकिन अंधेरे में परेशानी हो रही थी।

सुबह होने पर फिर से बेटियों को ढूंढा गया।मोटर लगाकर कुएं का पानी कम किया गया।

# बलरामपुर पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार

- पिकअप चालक को रोककर लूट लिया था, पुलिस ने आरोपियों के पास बरामद किया पैसा

अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर, बलरामपुर की देहात कोतवाली पुलिस ने दो लूट के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने तीन दिन पहले एक पिकअप चालक से लूट की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को चेकिंग तलाशी के दौरान गिरफ्तार करते हुए लूट किए गए रुपए को भी बरामद कर लिया है। मामला बलरामपुर के देहात कोतवाली क्षेत्र हरिहरगंज मार्ग का है। यहां पर बीते दिनों हरिहरगंज मार्ग पर आ रहे एक पिकअप चालक से ई-रिक्सा चालकों ने रोक कर उसके पैसे को लूट लिया था। जिसको लेकर पीड़ित पिकअप चालक ने थाना देहात कोतवाली पर प्रार्थना पत्र देकर मामले की जानकारी इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही थी।

जिसके बाद से देहात कोतवाली पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी। पुलिस ने तलाशी चेकिंग के दौरान रेणुका नाथ मन्दिर रोड के पास से जगदम्बा पुत्र गंगाराम सोनकर और भुर्रे पुत्र नदई निवासी हसुआडोल थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनके पास से लूटे गए 33 हजार 500 रुपए को बरामद कर लिया है। देहात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस की चेकिंग के दौरान और रेणुका नाथ मंदिर से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# जौनपुर में गड्ढे में गिरकर युवक की मौत

## मुंह के बल पड़ा मिला, चेहरा पानी में डूबा था, आरा मशीन में काम करने गया था

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर के जलालपुर थाना क्षेत्र के बरबसपुर कोडरी मार्ग पर सड़क से सटे एक गड्ढे में गिरकर 41 वर्षीय साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दिनेश कुमार के रूप में हुई है, जो इजरी गांव का निवासी था और कोडरी में स्थित आरा मशीन पर काम करता था। सुबह दिनेश कुमार अपने काम पर गया था, लेकिन रात तक घर वापस नहीं आया। मंगलवार की सुबह किसी राहगीर की नजर सड़क की पटरी पर बने गड्ढे में पड़ी, जहां दिनेश कुमार अपनी साइकिल के साथ मुंह के बल गिरे हुए थे और उनका चेहरा पानी में डूबा हुआ था। राहगीर ने इसकी जानकारी दी और लोग मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर देखा गया कि दिनेश कुमार की मौत हो चुकी थी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।हालांकि, लोगों में यह चर्चा थी कि शायद किसी वाहन के धक्के से दिनेश कुमार गड्ढे में गिर गए होंगे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बलरामपुर में दिव्यांग महिला आवास से वंचित

- एक साल से लगा रही अधिकारियों के चक्कर,पंचायत सचिव पर धमकी देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर, बलरामपुर के विकासखंड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत लालपुर कंजेभरिया में एक मामला सामने आया है, जिसने ग्राम पंचायत स्तर से लेकर कई संबंधित अधिकारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिव्यांग महिला ललिता देवी, जो पिछले एक साल से आवास पाने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रही है, को अपात्र घोषित कर दिया गया है, जबकि उनके पास कोई जमीन या घर नहीं है और वे पांच बच्चों के साथ अपने माता-पिता के घर में रहने को मजबूर हैं। ललिता देवी, जो 70 प्रतिशत दिव्यांग हैं, ने बताया कि उन्होंने अब तक जिलाधिकारी, पीडी और सीडीओ को कुल 6 प्रार्थना पत्र दिए हैं, लेकिन उन्हें अब तक आवास नहीं मिल पाया। पंचायत सचिव ने उन्हें बार-बार अपात्र घोषित कर दिया है और धमकी दी है कि अगर वह अधिकारियों के पास बार-बार गईं, तो उनके खिलाफ ऐसा कुछ लिख दिया जाएगा कि वह जीवन भर किसी सरकारी लाभ की पात्र नहीं रहेंगी।पीड़ित परिवार का आरोप है कि जिन लोगों को आवास दिया गया है, उनके पास पहले से ही मकान और बड़ी मात्रा में जमीन है।वहीं, ललिता देवी को अपात्र घोषित कर दिया गया, जबकि उनका परिवार अंतोदय राशन कार्ड धारक भी है। इस मामले पर पंचायत सचिव गुलबास राम रही का कहना है कि ललिता देवी अपात्र हैं, इसलिए उन्हें आवास नहीं दिया गया है और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं। खंड विकास अधिकारी अनूप सिंह ने मामले की जांच करवाने का आश्वासन दिया है और कहा है कि यदि ललिता देवी पात्र हैं तो उन्हें आवास दिया जाएगा। मामले की नए सिरे से जांच की जा रही है ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को आवास से वंचित न रखा जाए।

# अमेठी में दबंगों ने दलित युवक को पीटा, ट्रेन के सामने दिया धक्का




**एक हाथ कटा मामले में दो गिरफ्तार**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी के गौरीगंज थाना क्षेत्र स्थित कटरालालगंज में मामूली विवाद के बाद 4 दिन पहले दबंगों ने एक युवक की पिटाई कर पास से गुजर रही ट्रेन के आगे धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का एक हाथ कट गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज लखनऊ ट्रॉमा में चल रहा है।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें घायल युवक रेलवे ट्रैक पर आरोपियों के नाम बता रहा है। घटना में शामिल दो नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घायल की बहन ने दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है ।दरअसल ये पूरा मामला गौरीगंज थाने के पूरे बान सिंह मजरे कटरालालगंज का है। जहां के रहने वाले श्रीराम सरोज का पुत्र संदीप शनिवार को सैठा चौराहे से घर लौट रहा था। रास्ते में उसी गांव के रहने वाले दबंगों ने उसे मारने के लिए दौड़ा लिया। संदीप भागता हुआ गांव के पास से गुजरने वाले लखनऊ-प्रतापगढ़ रेल ट्रैक के पास पहुंच गया।

## युवक का कटा हाथ

शोर सुनकर बचाव के लिए संदीप की बहन रिचा सरोज भी मौके के लिए दौड़ी। इस बीच चारों ने उसकी पिटाई करने के बाद ट्रैक से गुजर रही ट्रेन के आगे धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आने से संदीप का एक हाथ कट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चारों हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजन संदीप को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देख ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

रविवार को संदीप की बहन ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया। एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि रिचा सरोज की तहरीर पर दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया गया था। दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विद्या भारती मध्य भारत प्रांत का अभ्यास वर्ग रायसेन में आयोजित हुआ

**शिक्षा का विभागीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण**

**अमन लेखनी समाचार**

बेगमगंज,जिला रायसेन,विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय संस्कार केन्द्र अभ्यास वर्ग का समापन बेगमगंज ज़िला रायसेन मैं आयोजित हुआ। शारदा विहार द्वारा संचालित संस्कार केदो के प्रमुख और वर्ग मुख्य शिक्षक मुकेश चंद्रवंशी के द्वारा वर्ग के बारे में जानकारी दी गई विद्या भारती सेवा क्षेत्र की शिक्षा का विभागीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में अलग-अलग गतिविधियां कराई गई ! सत्र के पंचम दिवस के समापन सत्र में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना कर अथिति परिचय वा अथिति स्वागत किया गया ।जिसमे संस्कार केन्द्र के विभाग प्रमुख गुलाब राव मुसरे ने वर्ग प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।भोपाल जिला प्रमुख श्री सुनील जी नागर ने आभार व्यक्त किया,विदिशा जिला प्रमुख राजीव शर्मा, शारदा विहार संस्कर केंद्र प्रमुख



मुकेश चंद्रवशी आज के मुख्य वक्ता शिवराज सिंह चौधरी ने हम सभी का मार्ग दर्शन किया। जिसमे मोनिका जैन एडवोकेट भारत तिब्बत सहयोग मंच प्रांत अध्यक्ष एवं सभी संस्कार केंद्र के आचार्य दीदी भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगरीय निकाय की बैठक

**अमन लेखनी सामाचार/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर ।बैठक में जिलाधिकारी राहुल पांडे ने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि नगरीय निकायों में साफ-सफाई की व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये जाने के लिए पर्यवेक्षण किया जाये तथा राज्य वित्त एवं 15वें वित्त कार्यों को समयबद्ध तरीके से कार्य योजना बना कर किया जाए। उन्होने बैठक में सभी अधिकारियों निर्देशित करते हुए कहा कि जनता दर्शन में आने वाली शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण शासन की मंशानुरूप निस्तारित किया जाए। स्ट्रीट लाइटों का सत्यापन कराये जाने तथा गौशालों का निरीक्षण एवं ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किये जाने के निर्देश सम्बन्धित को दिये। उन्होने बैठक में समस्त अधिशाषी अधिकारियों को पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ० नागेन्द्रनाथ यादव, उपजिलाधिकारी सरीला राजकुमार गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, समस्त अधिशाषी अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया खेल दिवस

अमन लेखनी सामाचार

हमीरपुर। गुरूवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद दद्दा की जयंती के उपलक्ष्य में केंद्रीय विद्यालय सुमेरपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। योग, पुश अप्स, प्लैंक, रस्सी कूद चैलेंज में छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। तत्पश्चात खो खो, कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल आदि खेल के मैचों का आयोजन किया गया । अंत में शिक्षार्थी शिक्षक के बीच समरसता बढ़ाने हेतु रस्सी खीच का आयोजन किया गया। प्राचार्य योगेन्द्र नाथ राम द्वारा बच्चों को शारीरिक गतिविधियों एवं खेलों का महत्व समझाया। इस दौरान निशांत, गुरजीत, अरविंद, मनीष, मानस, शिवम, पी बी रावत, अनीता, आस्था, स्नेहा, अंकिता, अर्चना, श्रद्धा, राजेश, ब्रजेश, अमित आदि उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर स्टेडियम में अण्डर-14 बालक हॉकी प्रतियोगिता हुआ आयोजन





**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी खेल निदेशालय, उ0प्र0 के निदेर्शानुसार जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मोसर्रफ खॉ ने बताया कि मेजर ध्यानचन्द जी के जन्मदिवस राष्ट्रीय खेल दिवस-2024 के उपलक्ष्य पर आज डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में हॉकी अण्डर-14 बालक वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उक्त खेल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी अमेठी काशीनाथ तथा जिला व्यायाम शिक्षक जिला ओलम्पिक संघ सचिव अमेठी संदीप कुमार सिंह द्वारा मेजर ध्यानचन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त खेल प्रतियोगिता में हॉकी अण्डर-14 बालक वर्ग की टीम-ए (आर0आर0एस0पी0जी0 स्कूल, राजगौरव पब्लिक स्कूल, राजकीय इण्टर कालेज, सरयू देवी सरस्वती विद्या मन्दिर, राजकीय इण्टर कालेज व स्टेडियम ट्रेनिंग अमेठी) व टीम-बी (स्टेडियम ट्रेनिंग अमेठी, देवीपाटन इण्टर कालेज, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, राजगौरव पब्लिक स्कूल, स्टेडियम ट्रेनिंग अमेठी व सरयू देवी सरस्वती विद्या मन्दिर) मध्य खेला गया जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों की घोषणा की गयी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि स्टेडियम ट्रेनिंग अमेठी ने 3-2 आर0आ0एस0पी0जी0 स्कूल, राजगौरव पब्लिक स्कूल ने 2-1 से देवीपाटन इण्टर कालेज व राजकीय इण्टर कालेज ने 1-0 से मॉडर्न पब्लिक स्कूल को हराया एवं सरयू देवी सरस्वती विद्या मन्दिर ने सेमीफाइनल मुकाबले में 1-0 से राजगौरव पब्लिक स्कूल, स्टेडियम ट्रेनिंग अमेठी ने सेमीफाइनल मुकाबले में 3-0 से राजगौरव पब्लिक स्कूल व स्टेडियम ट्रेनिंग अमेठी ने फाइनल मुकाबले में 3-1 से सरयू देवी सरस्वती विद्या मन्दिर को हराकर स्टेडियम ट्रेनिंग अमेठी विजेता रही।

# हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद नहीं हुई गिरफ्तारी, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**अमन लेखनी सामाचार**

हमीरपुर। न्यायालय के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र सौपकर पुत्र के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है। सुमेरपुर कस्बे के वार्ड संख्या एक लखनापुरवा के निवासी गोपी यादव ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके पुत्र भारत यादव को 10 अप्रैल को कस्बा निवासी हरिराम सोनकर घर से लिवा गया था और फैक्ट्री एरिया के पीछे खेतों में हत्या करके शव फेंक दिया था। 12 अप्रैल को पुलिस को तहरीर दी परंतु पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। तब न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने छह जुलाई को मुकदमा दर्ज किया एक माह गुजर जाने के बाद पुलिस ने अभी तक हत्यारोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। पीड़ित ने हत्यारोपी को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है।

# दिव्यांग को जहरीले सर्प ने डसा, इलाज के दौरान मौत

**अमन लेखनी सामाचार**

हमीरपुर। ललपुरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत उजनेड़ी में गुरुवार को दोपहर में कमरे में चारपाई के नीचे घुसकर बैठे जहरीले सर्प ने डस लिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उजनेड़ी के पूर्व प्रधान रविशंकर वर्मा ने बताया कि गांव निवासी राजाराम वर्मा का पुत्र राजेंद्र कुमार 45 वर्ष दोनों पैरों से दिव्यांग है। गुरुवार को दोपहर करीब एक बजे वह कमरे में चारपाई पर लेटा था। चारपाई के नीचे आंखों का ड्रॉप रखा हुआ था। वह चारपाई से झुककर ड्रॉप उठा रहा था। तभी उसे चारपाई के नीचे बैठे जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनकार्ड समिति की बैठक आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाए जाने हेतु न्यायालय में



प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय- समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। मेडिकल स्टोर पर कोई भी प्रतिबंधित दवाई ना बिकने पाए इसके लिए सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने को कहा। वन विभाग को निर्देश दिए कि कहीं पर भी नशे की खेती न होने पाए इस पर निगरानी रखें। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी, बीएसए, डीआईओएस, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, आबकारी निरीक्षकगण सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# श्रम विभाग की टीम ने छापेमारी कर बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**दुकानदारों को थमाई नोटिस**

**अमन लेखनी सामाचार**

हमीरपुर। श्रम विभाग की टीम ने सुमेरपुर व मौदहा कस्बे के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में छापा मारकर बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर दुकानदारों को नोटिस थमायी है। श्रम विभाग की इस कार्यवाही से बाजार में हड़कंप मचा रहा। गुरुवार को श्रम विभाग की टीम ने सुमेरपुर कस्बे में छापा मारकर छह व्यापारिक प्रतिष्ठानों से चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर दुकानदारों को नोटिस थमाया है। इसी तरह मौदहा में चार बाल श्रमिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्य करते हुए पाए जाने पर दुकानदारों को नोटिस थमाया गया है। श्रम अधिकारी ने बताया कि सुमेरपुर व मौदहा में आठ बाल श्रमिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्य करते हुए पाए गए हैं। इस पर दुकानदारों को नोटिस थमाया गया है। श्रम विभाग की इस कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। कई दुकानदार दुकानों के शटर गिराकर इधर उधर हो गए। टीम में श्रम अधिकारी असद खान, बाल संरक्षण अधिकारी गोपाल मिश्रा, चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक साफवान अहमद, अभिराज, सूरजभान, जगवीर सिंह आदि शामिल रहे।

# शुकुल बाजार में दिव्यांगजन चिन्हांकन कैम्प का किया गया आयोजन

## 91 दिव्यांग जनों को किया गया चिन्हित

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना से लाभान्वित किये जाने हेतु आज विकासखण्ड परिसर शुकुल बाजार में चिन्हांकन कैम्प का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कैम्प में दिव्यांगजन की सहायता हेतु सभी प्रकार के कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण (ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, हेयरिंगएड (सुनने की मशीन), वाकिंग स्टिक, स्मार्ट केन (अंध छड़ी)




दृष्टिबाधित के लिए, यूडीआईडी कार्ड बनाने तथा पेंशन उपलब्ध कराने हेतु 91 दिव्यांगजनों को चिन्हित किया गया, जिसमें 30 ट्राईसाईकिल, 01 व्हीलचेयर, 03 कान की मशीन, 03 स्मार्ट छड़ी, 54 यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए चिन्हित किया गया। इस क्रम उन्होंने चिन्हांकन कैम्प के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी निर्धारित तिथियों में क्रमशः विकासखंड भेंटुआ में 30 अगस्त, विकासखंड संग्रामपुर में 03 सितम्बर, विकासखंड भादर में 04 सितम्बर, विकासखंड जगदीशपुर में 05 सितम्बर, विकासखंड गौरीगंज में 06 सितम्बर, विकासखंड तिलोई में 10 सितम्बर, विकासखंड मुसाफिरखाना में 11 सितम्बर तथा विकासखंड अमेठी में 12 सितम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे से अपराहन 4 बजे तक चिन्हांकन कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांगजन अपने आवश्यक अभिलेख क्रमशः दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, एक फोटो, उपकरण प्राप्त करने हेतु डॉक्टर की संस्तुति (प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से) अभिलेख सहित निर्धारित तिथियां में अपना चिन्हांकन अवश्य कराएं, ताकि उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए जा सके।

# पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प का शिलान्यास

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

गरौठा झांसी। ग्राम पंचायत नागर, भदरवारा, सेगुआ, नुनार, चौकरी, एवं गरौठा में आज प्राथमिक विद्यालयों में सौन्दर्यकरण एवं कायाकल्प के कार्य का शिलान्यास किया गया। गरौठा मे नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण मिश्रा,नागर मे अनुज कुमार द्विवेदी प्रधान नागर, भदरवारा मे भजनलाल श्रीवास प्रधान भदरवारा, सेगुआ मे छक्कीलाल अहिरवार प्रधान सेगुवां, नुनार, चौकरी, खेरो मे किरन देवी ग्राम प्रधान नुनार ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। सभी जगह प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे ।यह कार्य पावर ग्रिड कॉरपोरेशन लिमिटेड ऑफ इंडिया की सी एस आर फंड से रामनरेश तिवारी (स्वतंत्र निदेशक पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया )के अथक प्रयास से किया जा रहा है ।इसके तहत गरौठा, नागर,,भदरवारा, सेगुआ, नुनार, चौकरी सहित क्षेत्र के 20 विद्यालयों का सौन्दर्यकरण एवं कायाकल्प होना सुनिश्चित हुआ है ।कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से शिवम तिवारी,सत्यम तिवारी कैरोखर, अवधेश बघेल प्रधानाध्यापक, संतोष पटेल प्रधान प्रतिनिधि सेगुआ,भगवती शरण कौशिक प्रधान प्रतिनिधि नुनार,सुधीर मोदी, अनुपम शुक्ला, अजय ठाकुर, राघव महाराज, हल्के जोशी कैलाश पाल, घनाराम चौधरी,अंकित द्विवेदी एवं सैकड़ों ग्रामवासी/ नगरवासी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रदर्शन, आउटसोर्सिंग भर्ती को रद्द कर नियुक्त करने की मांग

## कार्यकत्रियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर दी हड़ताल की चेतावनी



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी में आज बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उत्तर प्रदेश सरकार की बाल विकास पुष्टाहार विभाग की आगामी संविदा भर्ती पर रोक लगाने के लिए प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, जिसमें उन्होंने वर्तमान वेतन और तैनाती की स्थिति को लेकर अपनी चिंताओं को व्यक्त किया ।आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कहना है कि वे कई वर्षों से इस पद पर काम कर रही हैं, लेकिन उन्हें केवल 6 हजार रुपए का वेतन मिल रहा है। उनकी मांग है कि इस काम में उनके अनुभव और लंबी सेवा को देखते हुए उन्हें ही संविदा पदों पर तैनात किया जाए। प्रदेश सरकार ने बाल विकास और महिला पुष्टाहार विभाग में बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों की भर्ती का ऐलान किया है, जिसमें आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारियों की तैनाती होगी और वेतन 10,313 रुपए प्रति माह होगा।

### एसडीएम को दिया ज्ञापन

आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन के बैनर तले प्रदर्शन करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया कि वे जल्द जारी की जाने वाली संविदा भर्ती पर रोक लगाए और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वरीयता देते हुए इन पदों पर नियुक्त करें अगर उनकी मांगों को स्वीकार नहीं किया गया तो वे अपना काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को मजबूर होंगी।

# लूट की घटना को मारपीट में दर्ज करने पर पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

अमन लेखनी सामाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के भौनिया गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर थाना पुलिस द्वारा तहरीर के बजाय गलत ढंग से मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाकर न्याय की मांग की है। भौनिया गांव निवासी मोतीलाल ने पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा को अवगत कराया है कि वह जेल में बंद पुत्र से मिलाई करने रायपुर छत्तीसगढ़ जा रहा था। तभी रास्ते में गांव निवासी कामता प्रसाद, देवीदयाल, कामता व लालाराम ने रोककर गाली गलौज करते हुए मारपीट करके जेब में पड़े 20 हजार रुपये छीन लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। रुपए वह अपनी बिटिया दामाद से लेकर आया था। थाना पुलिस ने महज मारपीट का मुकदमा कायम किया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अमेठी में आंगनबाड़ी केंद्र और कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण



**बाल अधिकार आयोग के सदस्य ने दिए स्वास्थ्य, पोषण और पर्यावरण पर निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य का अमेठी दौरान उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अशोक कुमार यादव ने बुधवार को दौरा किया। दौरे के दूसरे दिन उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र और कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर का निरीक्षण किया।

कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर के निरीक्षण के दौरान अशोक कुमार यादव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से उनकी पढ़ाई और मध्यान भोजन के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई, जिस पर उन्होंने प्रधानाचार्य को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

विद्यालय प्रांगण में अशोक कुमार यादव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, पोषाहार की उपलब्धता, खेल सामग्री और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

